**सुविचार**
ईश्वर के समक्ष केवल प्रार्थना ही ना करे बल्कि ध्यान भी लगाए। प्रार्थना में हम ईश्वर से बात करते हैं जबकि ध्यान में ईश्वर हमसे बात करते हैं।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi


08
डिजाइनर रोहित वर्मा के लिए शो स्टॉपर...

Ranchi ● Thursday, 27 April 2023 ● Year : 01 ● Issue : 101 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 60,300.58 |
| निफ्टी | : | 17,813.60 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,740 |
| चांदी | : | 80.20 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक आज

**RANCHI :** झारखंड कैबिनेट की बैठक 27 अप्रैल को होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद की बैठक गुरुवार की शाम प्रोजेक्ट भवन में होगी।

### देश में कोरोना के 9,629 नए मरीज, 19 की मौत

**NEW DELHI :** देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना के 9,629 नए मरीज सामने आए हैं। इस अवधि में कोरोना वायरस से संक्रमित 19 मरीजों की मौत हो गई। वहीं 11,967 मरीज स्वस्थ हुए। अब तक 4,43,23,045 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं और रिकवरी रेट 98.67 प्रतिशत है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार को जारी आंकड़े के अनुसार फिलहाल देश में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 61,013 हो गई है, जबकि दैनिक संक्रमण दर 5.38 प्रतिशत है। टीकाकरण की बात करें तो पिछले 24 घंटे में 5,407 खुराक दी गई हैं। वहीं, देश में अबतक कोरोना से बचाव के टीके की 220.66 करोड़ खुराक दी जा चुकी है। पिछले 24 घंटे में 1,79,031 लोगों की जांच की गई। जबकि अबतक कुल 92.58 करोड़ लोगों की जांच की जा चुकी है।

### कालियागंज में भीड़ ने पुलिस को पीटा, थाना जलाया, धारा 144 लागू

**WEST BENGAL :** उत्तर दिनाजपुर जिले के कालियागंज थाने की पुलिस को बेरहमी से पीटे जाने का वीडियो सामने आया है। हमलावरों में से कुछ लोग वीडियो रिकॉर्ड कर रहे हैं। दरअसल, 21 अप्रैल को 17 साल की आदिवासी नाबालिग का नहर में शव मिला था। राजबंशी समुदाय का आरोप है रेप के बाद हत्या की गई, जबकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में रेप का जिक्र नहीं है। पुलिस के विरोध में समुदाय के लोग मंगलवार को थाने पर पहुंचे थे। भीड़ हिंसक हो गई। पुलिसवालों को पीटा और थाने में आग लगा दी। मंगलवार को आगजनी का वीडियो भी सामने आया था। उधर, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा है कि ये सब बंगाल में अशांति फैलाने के लिए किया गया है। कालियागंज थाने को जलाने के लिए बाहर से लोगों को लाया गया था। थाना जलाने वालों की प्रॉपर्टी जब्त की जाएगी। बंगाल में अराजकता पैदा करने की साजिश को नाकाम कर दिया जाएगा। लड़की की मौत और थाने में आग लगाने की घटनाओं की जांच की जाएगी।

### दलाई लामा ने 64 साल बाद लिया रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड

**SIMLA :** तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा को बुधवार को रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनको यह पुरस्कार तिब्बती समुदाय के लिए संघर्ष करने और तिब्बती संस्कृति को प्रेरणा दिलाने के लिए दिया गया। उन्हें इस अवॉर्ड के लिए 1959 में चुना गया था, लेकिन तब चीन की वजह से वह तिब्बत से भागकर भारत आ गए थे, इस वजह से पुरस्कार लेने नहीं जा सके थे। अब 64 साल के बाद रेमन मैग्सेसे की टीम दलाई लामा को हिमाचल स्थित उनके घर पर यह पुरस्कार देने पहुंची। दलाई लामा को दिया जाने वाला यह पहला इंटरनेशनल अवॉर्ड था। 1959 में जब दलाई लामा को रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड देने की घोषणा हुई थी, तब तिब्बत में बौद्ध धर्म को मानने वाले अनुयायियों को चीन प्रताड़ित कर रहा था।

# CHHATTISGARH : दंतेवाड़ा में नक्सली हमला, 55 KG का IED किया BLAST, एक ड्राइवर समेत 11 जवान शहीद

**AGENCY CHHATTISGARH**

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में बुधवार को नक्सली हमले में 10 पुलिसकर्मी शहीद हो गए। ये जवान डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) यूनिट के थे। इनके अलावा इनकी गाड़ी के ड्राइवर की भी हमले में मौत हो गई। इनकी टीम बारिश में फंसे सुरक्षाबलों को रेस्क्यू करने जा रही थी। इसी दौरान नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट में पुलिसकर्मियों का वाहन उड़ा दिया। न्यूज एजेंसी के मुताबिक 50 किलो विस्फोटक से ब्लास्ट किया गया।

हमला दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र में अरनपुर-समेली के बीच हुआ। जवान मंगलवार रात हार्डकोर नक्सली कमांडर और 7 लाख के इनामी जगदीश की सूचना पर निकले थे। बुधवार सुबह करीब 7 बजे यहां पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसी दौरान लौट रहे जवानों के वाहन को धमाके से उड़ा दिया। नक्सली हमले में शहीद होने वालों में प्रधान आरक्षक जोगा सोढ़ी, मुन्ना राम कड़ती, संतोष तामो, नव आरक्षक दुल्गो मण्डावी, लखमू मरकाम, नव आरक्षक जोगा कवासी, नव आरक्षक हरिराम मण्डावी, गोपनीय सैनिक राजू राम करटम, जयराम पोड़ियाम, जगदीश कवासी और गाड़ी के ड्राइवर धनीराम यादव शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर इस हमले की निंदा की और जवानों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ट्वीट किया नक्सल विरोधी अभियान के लिए पहुंचे डीआरजी के 11 जवानों के शहीद होने की सूचना है। हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

डीआरजी के अधिकारियों ने मीडिया को सूचना दी है कि दंतेवाड़ा के अरनपुर पुलिस थाना क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद डीआरजी की एक टीम को नक्सल विरोधी अभियान के लिए भेजा गया था। धमाका उस वक्त किया गया जब टीम ऑपरेशन के बाद लौट रही थी।

**ये जवान हुए शहीद**

- जोगा सोढ़ी
- मुन्ना राम कड़ती
- संतोष तामो
- दुल्गो मण्डावी
- लखमू मरकाम
- जोगा कवासी
- हरिराम मण्डावी
- राजू राम करटम
- जयराम पोड़ियाम
- जगदीश कवासी
- धनीराम यादव


आईईडी ब्लास्ट से रोड पर बना गड्ढा एवं घटनास्थल का जायजा लेते जवान व अधिकारी ● एजेंसी


"दंतेवाड़ा, छत्तीसगढ़ में पुलिस बलों पर हुए हमले की मैं निंदा करती हूं। देश की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर जवानों के परिवारों और प्रियजनों के प्रति सभी देशवासियों की ओर से मैं शोक संवेदनाएं व्यक्त करती हूं।
**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू**


"दंतेवाड़ा में छत्तीसगढ़ पुलिस पर हुए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। हम हमले में शहीद हुए बहादुर जवानों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनके बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं।
**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**


"छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सल हमले में वीर जवानों के शहीद होने का दु:खद समाचार मिला। परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।
**सीएम हेमंत सोरेन, झारखंड**

# RANCHI और JAMSHEDPUR के 6 ठिकानों पर ED का छापा

## मोरहाबादी, अशोक नगर, लालपुर और खेलगांव में ईडी ने दी दबिश


**SPECIAL REPORTER RANCHI**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) बुधवार को रांची और पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के लगभग छह ठिकानों पर जमीन घोटाले से जुड़े मामले में छापेमारी की। रांची में ईडी ने मोरहाबादी स्थित सत्येन्द्रु अपार्टमेंट में ठेकेदार विपिन सिंह के आवास पर, खेलगांव थाना क्षेत्र के गाड़ी गांव में जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा और लालपुर बैंक कॉलोनी में प्रियरंजन सहाय तथा अशोक नगर में छापेमारी की। रांची के उक्त जगहों के अतिरिक्त जमशेदपुर के जुगसलाई गौशाला और बिष्टपुर के दो घरों में छापेमारी की गई।

बताया गया कि ईडी की ओर से की जा रही छापेमारी के दौरान टीम मोरहाबादी स्थित विपिन सिंह के आवास में पहुंची। इनकी ट्रैकिंग ईडी नोएडा से ही कर रही थी। इस बात की भनक विपिन सिंह को लग गयी और आवास से परिवार के साथ वह निकल गया। ईडी जब आवास संख्या 402 पहुंची तो वहां किसी को नहीं पाया। इसके बाद फ्लैट मालिक प्रभात पांडेय को बुलाया और आवास को सील कर दिया। इसके अलावा ईडी जमशेदपुर में भी दो जगहों पर छापेमारी की। बताया जा रहा है कि जमशेदपुर में जिनके यहां छापेमारी की गई है, वह रांची के पूर्व डीसी आईएएस छवि रंजन के बेहद नजदीकी हैं। जमशेदपुर में जुगसलाई गौशाला के समीप स्थित जैन मंदिर के पास रहने वाले कारोबारी श्याम सिंह भाटिया, बिष्टपुर कांट्रेक्टर एरिया बेगुनिया टावर निवासी रवि सिंह भाटिया के यहां ईडी छापेमारी की। इनके यहां जमीन से जुड़े दस्तावेजों की जांच की गई। छापेमारी के दौरान ईडी ने जमीन से जुडे कई कागजात जब्त किये हैं।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने जमीन घोटाले मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन सहित बंगाल, झारखंड और बिहार सहित 22 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी ने सात लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार लोगों में कारोबारी प्रदीप बागची, सीआई भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम शामिल हैं। आरोपी फैयाज खान को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया था। अन्य छह आरोपियों को रिमांड पर लेकर ईडी पूछताछ कर रही है। इस छापेमारी में ईडी के हाथ कई जमीन से जुड़े कागजात हाथ लगे हैं। पूछताछ में ईडी को कई जानकारी मिली है।

**जमशेदपुर के जुगसलाई गौशाला और बिष्टपुर में छापा**


ठेकेदार विपिन सिंह का फ्लैट, जहां ईडी पहुंची ● फोटोन न्यूज

### ED ने ठेकेदार विपिन सिंह पर शिकंजा कसा, फ्लैट सील

रांची : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मोरहाबादी के ठेकेदार विपिन सिंह पर शिकंजा कस दिया है। ईडी ने बुधवार उसके ठिकाने पर छापा मारा। वह और उनका परिवार फ्लैट में नहीं मिला। ईडी ने फ्लैट मालिक प्रभात पांडेय को बुलाया है। साथ ही फ्लैट सील कर दिया है। इससे पहले ईडी को विपिन के नोएडा में होने की सूचना मिली थी। मगर वह ईडी के जाल में नहीं फंस सका। विपिन को आज सुबह 10:30 बजे तक दिल्ली ईडी कार्यालय में आत्मसमर्पण करने और परिवार को रांची ईडी कार्यालय में रिपोर्ट करने के लिए कहा है। यह मामला जमीन के गलत नामांतरण से संबद्ध है। ईडी ने मोरहाबादी, अशोक नगर, बूटी मोड़ और खेलगांव और पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में छापा मारा है। इसके अलावा गाड़ी गांव में जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा के यहां भी दबिश दी है।

# अभी जेल में ही रहेंगे पंकज मिश्रा व प्रेम प्रकाश

## SC ने जमानत याचिका की खारिज

**SPECIAL REPOTER NEW DELHI/RANCHI**

1000 करोड़ रुपये के घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी पंकज मिश्रा और प्रेम प्रकाश को सर्वोच्च न्यायालय से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद उनकी अर्जी खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद उन्हें अभी जेल में ही रहना होगा। दोनों आरोपियों को आजाद होने के लिए अभी इंतजार करना होगा। इससे पहले ईडी की स्पेशल कोर्ट और झारखंड हाई कोर्ट भी दोनों को बेल देने से इनकार कर चुका है।

**8 जुलाई 2022 को हुई थी पंकज मिश्रा के घर छापेमारी**

मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा सहित उनके 14 सहयोगियों के 18 ठिकानों पर ईडी ने 8 जुलाई 2022 को छापेमारी की थी। जिसमें कोरोड़ों रुपये और कई दस्तावेज बरामद किये गए। पंकज मिश्रा पर बरहरवा थाना में दर्ज टेंडर मैनेज करने से जुड़े मामले को लेकर कारवाई हुई। छापेमारी और पूछताछ के बाद ईडी ने उन्हें 18 जुलाई 2022 को गिरफ्तार कर लिया था।

**प्रेम प्रकाश के यहां 24 अगस्त को पहुंची थी ईडी :** ईडी ने 24 अगस्त को प्रेम प्रकाश के 16 ठिकानों पर पहली बार छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी की टीम ने प्रेम प्रकाश के अरगोड़ा स्थित आवास से दो एके-47 और 60 गोलियां बरामद की थी। इसके अलावा कई अवैध संपत्तियों और कोयला कारोबार से जुड़े दस्तावेज बरामद किए थे।



**जुलाई 2022 से होटवार जेल में बंद हैं दोनों**

सीएम के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और सत्ता के गलियारों में चर्चित प्रेम प्रकाश जुलाई 2022 से रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार यानी होटवार जेल में बंद हैं। पंकज मिश्रा को ईडी ने 18 जुलाई 2022 को गिरफ्तार किया था। वहीं, अवैध खनन के मामले में छापेमारी के बाद 25 अगस्त को ईडी ने प्रेम प्रकाश को गिरफ्तार किया था।

# सीएम कल एयर एंबुलेंस सेवा का करेंगे शुभारंभ

**PHOTON NEWS RANCHI**

सरकार गठन के बाद से ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गंभीर रूप से बीमार राज्यवासियों के प्रति संवेदनशील रहे हैं। यही वजह है कि मुख्यमंत्री के संज्ञान में आते ही ऐसे गंभीर रूप से बीमार लोगों को सरकार ने बेहतर इलाज के लिए दिल्ली, मुम्बई या किसी अन्य जगह भेजने के लिए एयर एंबुलेंस तक की सुविधा प्रदान की है। इसमें आम लोगों के साथ खास लोग भी शामिल रहे हैं। इसी कड़ी में झारखंड के इतिहास में पहली बार 28 अप्रैल को राज्य की जनता के लिए मुख्यमंत्री एयर एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ करेंगे।

**बच्चियों को भेज कराया इलाज :** कोरोना संक्रमण काल में मुख्यमंत्री को जानकारी प्राप्त हुई कि रांची निवासी सृष्टि सिंह को लीवर के इलाज के लिए दिल्ली भेजना जरूरी है। तत्काल मुख्यमंत्री ने बच्ची को एयर एंबुलेंस से दिल्ली भेजा।

**घायल थाना प्रभारी और जवान को एयर एंबुलेंस से भेजा गया था एम्स**

धनबाद के सिंदरी में हुई हिंसक झड़प में गंभीर रूप से घायल भौंरा ओपी प्रभारी हिमांशु कुमार को एयर एम्बुलेंस से 12 सितंबर 2022 को दिल्ली एम्स भेज गया। वहीं, दूसरी ओर सात फरवरी 2023 को पश्चिमी सिंहभूम के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के हाथीबुरु जंगल में आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ का जवान संजीव कुमार घायल हुआ था। जवान को मुख्यमंत्री के आदेश पर बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर दिल्ली भेजा गया था। इस तरह जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ आम लोगों को भी विभिन्न राज्यों में बेहतर इलाज के लिए राज्य सरकार की ओर से एयर एंबुलेंस की सुविधा दी गई।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वन अर्थ वन हेल्थ-एडवांटेज हेल्थकेयर इंडिया 2023 का किया उद्घाटन

# 'सच्ची प्रगति' हमेशा जन-केंद्रित होती है : PM

**AGENCY NEW DELHI**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को चिकित्सा के क्षेत्र में अंत्योदय का संदेश देते हुए कहा कि सच्ची प्रगति जन-केंद्रित होती है। चिकित्सा विज्ञान में कितनी भी प्रगति क्यों न हो जाए, अंतिम व्यक्ति तक उसकी पहुंच सुनिश्चित की जानी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नई दिल्ली के प्रगति मैदान में वन अर्थ वन हेल्थ - एडवांटेज हेल्थकेयर इंडिया 2023 का उद्घाटन किया। इस दौरान भारत की प्राथमिकता को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि हम असमानता को कम कर, सेवा से वंचित लोगों की सेवा करना चाहते हैं। आगे उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एक विश्वसनीय भागीदार के तौर पर भारत ने कई देशों की आवश्यकता को समझा है। हमें गर्व है कि टीकों और दवाओं के माध्यम से जीवन बचाने के महान मिशन में हम कई देशों के भागीदार बने हैं। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के लिए वैश्विक प्रतिक्रिया को अलग नहीं किया जा सकता है। यह एकीकृत, समावेशी और संस्थागत प्रतिक्रिया का समय है। जी-20 की अध्यक्षता के दौरान यह भारत की प्राथमिकता के क्षेत्रों में से एक है। हमारा लक्ष्य न केवल नागरिकों के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए स्वास्थ्य सेवा को सुलभ और सस्ता बनाना है। उन्होंने कहा कि दुनिया तनाव और जीवन-शैली से जुड़ी बीमारियों का समाधान तलाश रही है। भारत की पारंपरिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में बहुत सारे उत्तर हैं। इस दौरान उन्होंने श्रीअन्न का भी उल्लेख किया, जो भारत के पारंपरिक आहार का हिस्सा है और दुनिया भर में खाद्य सुरक्षा और पोषण संबंधी मुद्दों से निपटने की क्षमता रखता है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि स्वास्थ्य के बारे में भारत का दृष्टिकोण केवल बीमारी की कमी होने तक नहीं रुकता है। हमारा लक्ष्य सभी का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण है। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि चिकित्सा और स्वास्थ्य कार्य बल की गतिशीलता एक स्वस्थ ग्रह के लिए महत्वपूर्ण कारक हैं और वन अर्थ, वन हेल्थ - एडवांटेज हेल्थकेयर इंडिया 2023 इस दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया भर में कई हेल्थकेयर सिस्टम भारतीय पेशेवरों की प्रतिभा से लाभान्वित हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के सहयोग से वन अर्थ वन हेल्थ, एडवांटेज हेल्थकेयर इंडिया 2023 के 6वें संस्करण को भारत के जी-20 प्रेसीडेंसी के साथ को-ब्रांड किया है। 26 और 27 अप्रैल को राजधानी के प्रगति मैदान में इसका आयोजन हो रहा है। दो दिवसीय कार्यक्रम लचीली वैश्विक स्वास्थ्य संरचना के निर्माण के लिए वैश्विक सहयोग और साझेदारी के महत्व पर जोर देता है। साथ ही मूल्य-आधारित स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करने की दिशा में काम करता है।


वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते पीएम ● एजेंसी

## BRIEF NEWS

### मन की बात कार्यक्रम को लेकर की बैठक

**RAMGARH :** प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड को लेकर बुधवार को रामगढ़ भाजपा जिला कार्यालय में पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में मन की बात के 100वें भाग का प्रसारण पूरे रामगढ़ में प्रमुखता से करने पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता एवं मंच संचालन महामंत्री प्रो. खिरोधर साहू ने किया।बैठक में भाजपा रामगढ़ प्रभारी शशिभूषण भगत ने बताया कि पार्टी द्वारा पूरे विधानसभा क्षेत्र के सौ बूथ को चिन्हित कर कार्यक्रम को बड़े पैमाने पर सुना जाएगा।

### जनसेवक संघ ने फूंका कृषि मंत्री बादल पत्रलेख का पुतला

**KHUNTI :** झारखंड राज्य जन सेवक संघ की खूंटी इकाई ने बुधवार को झारखंड सरकार के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख का पुतला दहन किया। इस दौरान जिले के जनसेवकों ने जिला कृषि कार्यालय संयुक्त कृषि भवन के सामने कृषि मंत्री बादल पत्रलेख का पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी कर झारखंड सरकार के जन सेवकों का ग्रेड पे हटाए जाने का विरोध जताया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने राज्य के जन सेवकों का ग्रेड पे 2400 से घटाकर 2000 रुपये कर दिया गया है, यह उचित नहीं है। जहां एक और महंगाई बढ़ती जा रही है, वहीं सरकार जन सेवकों पर अत्याचार कर रही है।

### मुख्यमंत्री सोरेन ने बादल के निधन पर शोक जताया

**RANCHI :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली दल (बादल) के संरक्षक प्रकाश सिंह बादल के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने शोक संदेश में कहा कि देश और पंजाब ने अपना एक संघर्षशील नेता खो दिया। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल सुखबीर सिंह बादल और उनके परिवारजनों को दुख की यह विकट घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने प्रकाश सिंह बादल के निधन पर जताया शोक

**NEW DELHI :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पंजाब से पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि वह अपनी सादगी और विनम्रता के लिए हमेशा याद किए जाते रहेंगे। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने एक शोक संदेश में संयुक्त रूप से कहा कि अपने प्रभावशाली व्यक्तित्व और कार्य से पंजाब के सार्वजनिक जीवन और देशभर में अपनी सादगी और विनम्रता से विशेष स्थान बनाने वाले प्रकाश सिंह बादल लंबे समय तक अपने गुणों के लिए याद किए जाएंगे। उनके निधन से देश के राजनीतिक जीवन में एक समर्पित, अनुभवी व्यक्तित्व की कमी लम्बे समय तक महसूस की जाएगी। संदेश में उन्होंने कहा कि हम प्रकाश सिंह बादल के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनके परिवार के सदस्यों को इस क्षति को सहने की शक्ति मिले। उनकी आत्मा को मोक्ष प्राप्त हो।

### केंद्रीय मंत्री की पुत्री ने विधायक प्रतिनिधि के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

**GAZIABAD :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री जनरल (रि.) वीके सिंह की पुत्री मृणालिनी सिंह ने अजय राजपूत नाम के व्यक्ति के विरुद्ध विजय नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। मृणालिनी का आरोप है कि अजय राजपूत ने पैसे लेकर टिकट वितरण करने की बात लिखकर स्टेटस पर लगा दी। इससे उनकी और उनके परिवार की छवि खराब हुई है। अजय राजपूत भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री अतुल गर्ग के प्रतिनिधि हैं। यह एफआईआर डीसीपी नगर निपुण अग्रवाल के आदेश पर विजय नगर थाने में दर्ज की गई है। मृणालिनी सिंह की तरफ से दर्ज कराई गई एफआईआर में कहा गया है कि अजय राजपूत के कृत्य से समाज में मेरी छवि खराब हुई है और मानसिक तौर पर परेशानी हो रही है।

## मंत्री बन्ना गुप्ता ने बगैर नाम लिए सरयू राय पर किया बड़ा पलटवार, कहा-

# Uncle गोपीचंद जासूस, रामार्चा पूजा में किसके साथ बैठते हैं, बताएं, क्यों नहीं कराते डीएनए टेस्ट

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR**

आपत्तिजनक वायरल वीडियो कॉलिंग विवाद में घिरे झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने जमशेदपुर पूर्वी से विधायक सरयू राय पर बगैर नाम लिए बड़ा राजनीतिक पलटवार किया है। सरयू राय के लिए चाचा गोपीचंद जासूस नाम का इस्तेमाल करते हुए बन्ना गुप्ता ने कहा कि पता नहीं सारी वीडियो उन्हें ही कैसे मिलती है। बन्ना गुप्ता ने कहा कि लंबे समय से पूछा जा रहा है कि गोपीचंद जासूस रामार्चा पूजा में किस महिला के साथ बैठते हैं। उनके साथ बैठने वाला लड़का कौन है, महिला से उनके क्या संबंध है, इस पर वह जवाब नहीं



प्रेस कांफ्रेंस कर मीडिया को जानकारी देते बन्ना गुप्ता। ● द फोटोन न्यूज

दे रहे। बन्ना गुप्ता ने सरयू राय की पत्नी की मौत को लेकर भी सवाल किए। कहा किसी को नहीं पता कि उनकी मौत कैसे हुई। कहीं उनकी तस्वीर दिखाई नहीं देती। नाम कोई नहीं जानता। पत्नी के गहने का जिक्र बार-बार जरूर आता है।

बन्ना गुप्ता ने कहा कि जब चाचा जमशेदपुर पूर्वी से चुनाव जीते थे और मैं पश्चिमी से निर्वाचित हुआ था तो मैंने पैर छूकर आशीर्वाद लिया। पता नहीं क्यों उन्हें इसके बाद भी जमशेदपुर पश्चिमी सहित पूरे जमशेदपुर में कराए जा रहे मेरे सभी विकास कार्यों से परेशानी होती है। मैं जो भी काम कराने जाता हूं वह उसके विरोध में आकर खड़े हो जाते हैं। इससे पहले भी उन्होंने कई बार मुझे अलग-अलग आरोपों में फंसाने का प्रयास किया। वह सारे आरोप निराधार निकले।

उन्होंने कहा कि वह बनिया का बच्चा हैं, किसी से डरने वाले नहीं हैं। चाहे वीडियो 3 मिनट का जारी किया जाए अथवा 30 मिनट का वह सब का जवाब देने के लिए तैयार हैं। बन्ना गुप्ता ने दावा किया कि उन्होंने पूरे मामले पर अपने पार्टी नेतृत्व को स्थिति से अवगत करा दिया है। साथ ही पूरे मामले की जांच के लिए पुलिस प्रशासन के समक्ष एफ आई आर दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पूरे विवाद में खुद को पीड़ित पक्ष बताया। कहा कि अगर पुलिस उनसे जांच के लिए मोबाइल मांगती है तो वह आधे घंटे में अपना मोबाइल उपलब्ध कराने के लिए तैयार हैं।

उन्होंने सरयू राय को चुनौती दी कि वह डीएनए टेस्ट के लिए तैयार हो जाएं। वीडियो कॉलिंग के मामले में गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे की ओर से किए गए ट्वीट पर पत्रकारों की ओर से पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मैं इस मामले में बोलना नहीं चाहता। सब लोगों ने क्या-क्या किया है, मुझे सब पता है।

उन्होंने रांची के विधायक सीपी सिंह के मामले में सरजू राय के मौन पर भी सवाल उठाए। कहा कि जिन लोगों ने चाचा और महिला के रिश्ते का मुद्दा उठाया आज उन्हीं के साथ बैठ कर मेरे ऊपर आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को साजिश करार देते हुए दावा किया कि वीडियो में दूसरी तरफ दिखाई दे रही महिला की पहचान उजागर कर उसकी निजता से खिलवाड़ किया गया है। बन्ना गुप्ता बुधवार को अपने ऊपर लगे आरोपों पर पत्रकार वार्ता कर सफाई दे रहे थे। कुछ पत्रकारों ने पूछा कि आखिर प्रदेश में उनकी सरकार है, फिर वह इस पूरे मामले की जांच क्यों नहीं करा रहे। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि जबसे घटनाक्रम हुआ है, मामला संज्ञान में आने के तत्काल बाद उन्होंने अपनी तरफ से प्राथमिकी दर्ज कराकर मामले की जांच प्रारंभ कराने का अनुरोध पुलिस से किया है। पुलिस के आला अधिकारी दावा कर रहे हैं कि मामले की जांच फिलहाल चल रही है।

# PM Narendra Modi पहुंचे चंडीगढ़, प्रकाश सिंह बादल को दी श्रद्धांजलि

**PHOTON NEWS CHANDIGARH**

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन के बाद बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन्हें श्रद्धांजलि भेंट करने के लिए चंडीगढ़ पहुंचे। प्रधानमंत्री अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में बदलाव करके चंडीगढ़ पहुंचे।

यहां हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने प्रधानमंत्री मोदी की अगवानी की। प्रधानमंत्री चंडीगढ़ स्थित टेक्निकल एयरपोर्ट से सीधे अकाली दल कार्यालय पहुंचे और यहां प्रकाश सिंह बादल के अंतिम दर्शन के बाद सुखबीर बादल व अन्य परिजनों से मिले। प्रधानमंत्री ने बादल परिवार के साथ करीब दस मिनट का समय व्यतीत किया।

प्रकाश सिंह बादल का मंगलवार की रात मोहाली के



प्रकाश सिंह बादल के निधन पर श्रद्धांजलि देते प्रधानमंत्री ● द फोटोन न्यूज

फोर्टिस हार्ट अस्पताल में निधन हो गया था। बादल के निधन के बाद बुधवार की सुबह उनका पार्थिव शरीर चंडीगढ़ स्थित अकाली दल मुख्यालय में रखा गया। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रकाश सिंह बादल के अंतिम दर्शन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इससे पहले पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, पंजाब की पूर्व मुख्यमंत्री राजिंदर कौर भट्टल, पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला, पटियाला की सांसद परनीत कौर, हरियाणा विधानसभा के स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता, पंजाब भाजपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश, पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरपाल चीमा और हरजोत बैंस ने उन्हें श्रद्धांजलि भेंट की।

बादल और चौटाला की दोस्ती हरियाणा व पंजाब की राजनीति में एक मिसाल रही है। स्वर्गीय देवीलाल ने प्रकाश सिंह बादल की बेटी का कन्यादान किया था। दोनों परिवारों में जब-जब राजनीतिक संकट आया तो बादल व चौटाला ने एक-दूसरे का साथ दिया। सक्रिय राजनीति से बाहर होने के बाद बादल व चौटाला पिछले दो सालों से अक्सर तेजा खेड़ा फार्म हाउस पर इकट्ठा होते थे। बुधवार को प्रकाश सिंह बादल को श्रद्धांजलि भेंट करने के बाद ओम प्रकाश चौटाला भावुक हो गए और अपने आंसू को रोक नहीं पाए।

## Amit Sah और सरसंघचालक साझा करेंगे मंच नागपुर मे राष्ट्रीय कैंसर संस्थान का करेंगे उद्घाटन

**PHOTON NEWS NAGPUR**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 27 अप्रैल को नागपुर में एक कार्यक्रम में एकसाथ आएंगे। दोनों दिग्गजों के एक ही मंच पर होने को लेकर चचाएं तेज हो गई हैं।

अमित शाह गुरुवार को नागपुर के जामठा इलाके में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत मौजूद रहेंगे। शाह का एक महीने में यह दूसरा महाराष्ट्र दौरा है। इससे पहले वह खारघर में महाराष्ट्र भूषण समारोह के लिए मुंबई आए थे। इसके बाद वे आज बुधवार रात नागपुर आएंगे। इस बीच शाह की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक अमित शाह बुधवार रात नागपुर में भाजपा



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और डॉ. मोहन भागवत का फाईल फोटो।

पदाधिकारियों से मुलाकात करने वाले हैं।

शाह के ठहरने की व्यवस्था रैडिसन ब्लू होटल में की गई है। इस स्थान पर कल से ही पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। अमित शाह की सुरक्षा को लेकर पुलिस आयुक्त ने तमाम वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक भी की है। शाह की यात्रा के मद्देनजर पुलिस के बम निरोधक दस्ते ने होटल के पूरे इलाके की जांच की । शाह के लिए बुलेटप्रूफ गाड़ी भी लगाई गई है। साथ ही 2 डीसीपी, 50 पुलिस इंस्पेक्टर और 150 पुलिस सब इंस्पेक्टर और 2000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। गुरुवार को शहर की ट्रैफिक व्यवस्था मे भी बदलाव किए गए हैं।

## पंजाब के पूर्व सीएम के निधन पर राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी ने जताया शोक

**PHOTON NEWS LUCKNOW**

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी ट्वीट कर शोक जताया।

प्रकाश सिंह बादल के निधन पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वह माटी के लाल थे और हमेशा अपनी जड़ों से जुड़े रहे। सिंह ने कहा कि प्रकाश सिंह बादल एक कद्दावर राजनेता थे, जिन्होंने कई दशकों तक पंजाब की राजनीति में महत्वपर्ण भूमिका निभाई। अपने लंबे राजनीतिक और प्रशासनिक जीवन में उन्होंने किसानों और हमारे समाज के अन्य कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए कई उल्लेखनीय योगदान दिए।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अपने शोक सन्देश में कहा कि प्रकाश सिंह बादल एक वरिष्ठ एवं अनुभवी राजनेता थे। उन्होंने समाज के गरीब, कमजोर, शोषित और वंचित वर्गों के लिए जीवनपर्यन्त संघर्ष किया। पंजाब के मुख्यमंत्री तथा भारत सरकार के मंत्री के रूप में बादल की सेवाओं को सदैव याद रखा जाएगा।

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भी ट्वीट कर बादल के निधन पर शोक जताया। उन्होंने लिखा, देश के वरिष्ठ राजनेता एवं पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल का निधन, अत्यंत दुखद! ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति व शोक संतप्त परिवार को संबल प्रदान करें. भावभीनी श्रद्धांजलि!

बसपा प्रमुख मायावती ने भी ट्वीट करके अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि काफी लम्बा सम्मानित राजनीतिक सफर तय करने वाले शिरोमणि अकाली दल के संरक्षक एवं पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन खबर अति-दुखद है। उनके परिवार व समस्त अनुयायियों के प्रति मेरी गहरी संवेदना।

दरअसल, मंगलवार रात पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल का निधन हो गया। वे 95 साल के थे। उन्होंने मोहाली के फोर्टिस हार्ट अस्पताल में आखिरी सांस ली। पांच बार पंजाब के मुख्यमंत्री रहे बादल के निधन से राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर है।

# Bharat विविधता को विशिष्टता के रूप में जीने वाला देश : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**PHOTON NEWS NEW DELHI**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत विविधता को विशिष्टता के रूप में जीने वाला देश है। हम अलग-अलग भाषाओं, बोलियों, कलाओं और विषयों का उत्सव मानते हैं। हमारी ये विविधता हमें बांटती नहीं, बल्कि हमारे बंधन को मजबूत बनाती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सौराष्ट्र तमिल संगमम् के समापन समारोह के संबोधन में यह उद्गार व्यक्त किए। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम जानते हैं कि अलग-अलग धाराएं जब साथ आती हैं तो संगम का सृजन होता है। हम इन परंपराओं को सदियों से पोषित करते आए हैं।

उन्होंने कहा कि हम तमाम



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फाईल फोटो।

कठिनाइयों को पार करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। आज हमारे पास 2047 के भारत का लक्ष्य है। हमें देश को आगे लेकर जाना है लेकिन रास्ते में तोड़ने वाली ताकतें और भटकाने वाले लोग भी मिलेंगे। भारत कठिन से कठिन हालात में भी कुछ नया करने की ताकत रखता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज आजादी के अमृतकाल में हम सौराष्ट्र-तमिल संगमम् जैसे सांस्कृतिक आयोजनों की एक नई परंपरा के गवाह बन रहे हैं। ये संगम नर्मदा और वैगई का है। ये डांडिया और कोलाट्टम का संगम है। प्रधानमंत्री ने आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह अद्भुत पहल है। इससे पहले बनारस में काशी तमिल संगमम् का आयोजन हुआ था। उसकी पूरे देश में चर्चा हुई थी। आज सौराष्ट्र की धरती पर पुनः भारत की दो प्राचीन धाराओं का संगम होता देख रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल सौराष्ट्र तमिल संगमम् का ही नहीं है बल्कि ये देवी मीनाक्षी और देवी पार्वती के रूप में एक शक्ति की उपासना का उत्सव भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने समापन समारोह के दौरान श्री सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय की "सौराष्ट्र-तमिल संगम प्रशस्ति" पुस्तक का विमोचन भी किया।

## 100वें 'मन की बात' पर संगोष्ठी का प्रारंभ

# Vice President ने किया कॉफी टेबल बुक का विमोचन

**PHOTON NEWS NEW DELHI**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 100वां संस्करण आगामी रविवार को प्रसारित होने जा रहा है। इससे पूर्व बुधवार को प्रसार भारती की ओर से एक दिवसीय 'मन की बात@100' सम्मेलन का उद्घाटन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया। इस दौरान उन्होंने मन की बात कार्यक्रम से जुड़े एक कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया।

इस अवसर पर केंद्रीय सूचना प्रसारण और युवा कार्यक्रम व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर भी मौजूद रहे। राजधानी के विज्ञान भवन में आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। इस




कॉफी टेबल बुक का विमोचन करते उपराष्ट्रपति व अन्य ● द फोटोन न्यूज

कॉफी टेबल बुक में 'मन की बात' की यात्रा पर प्रकाश डाला गया है, जिसमें प्रधानमंत्री के साथ नागरिकों के संवाद को प्रमुखता से शामिल किया गया है।

इस मौके पर केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि 3 अक्टूबर 2014 को 'मन की बात' कार्यक्रम की शुरूआत हुई थी। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न मुद्दों पर भारत के नागरिकों को संबोधित किया और कई राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। आगे उन्होंने कहा कि लोगों को प्रेरित करने और उन्हें सशक्त बनाने में मन की बात का जबरदस्त सामाजिक प्रभाव है।

ठाकुर ने आगे कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। अब हर दिन एक नया स्टार्टअप हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में अबतक 700 से अधिक व्यक्तियों का उल्लेख किया और उनकी उपलब्धियों व गौरवपूर्ण क्षणों को साझा किया है। इनमें विदेशों के 10 संगठन भी शामिल हैं।

इस मौके पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्र ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम ने समाज के हर वर्ग के साथ अपनी समावेशिता और समुदाय को संचालित करने के दृष्टिकोण को उजागर किया है।

उल्लेखनीय है कि संगोष्ठी में चार सत्र हैं, जिनमें नारी शक्ति, विरासत का उत्थान, जन संवाद से आत्मनिर्भरता और 'आह्वान से आंदोलन' शामिल हैं। इन सत्रों में फिल्म अभिनेता आमिर खान और रवीना टंडन, पुडुचेरी की पूर्व उप राज्यपाल किरण बेदी, संगीतकार रिक्की केज, खिलाड़ी निकहत जरीन और दीपा मलिक, किस्सागो नीलेश मिश्र, उद्यमी संजीव भीकचंदानी समेत कई लोग हिस्सा ले रहे हैं, जिनका जिक्र 'मन की बात' के विभिन्न संस्करणों में किया गया है।

## केजरीवाल के बंगले के रेनोवेशन पर 45 करोड़ खर्च, भाजपा ने मांगा इस्तीफा

**PHOTON NEWS NEW DELHI**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी बंगले के रेनोवेशन पर 45 करोड़ रुपये खर्च होने का खुलासा होने पर भाजपा ने मोर्चा खोल दिया। भाजपा प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में केजरीवाल से फौरन मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की मांग की।

भाजपा प्रवक्ता पात्रा ने कहा यह केवल एक महाराज और उनके महल के रेनोवेशन की कहानी नहीं है। यह महाराज की मानसिकता के रेनोवेशन की कहानी है। यह कुछ नहीं लूंगा से सब कुछ लूट लूंगा, कुछ नहीं छोड़ूंगा का सफर है। यहर महाराज में आए परिवर्तन की कहानी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल ने मीडिया को यह खबर रोकने के लिए 20 से 50 करोड़ रुपये देने का प्रलोभन दिया। पात्रा ने बावजूद इसके खबर का प्रकाशन करने के लिए मीडिया की प्रशंसा की। पात्रा ने कहा महाराज के महल में 8-8 लाख रुपये के परदे लगाए गए। यह वो लोग हैं जो शपथ लेने ऑटो में लटक कर पहुंचे थे। कहते थे कि हम गाड़ी नहीं लेंगे। घर नहीं लेंगे। पात्रा ने कहा कि 1 करोड़ 15 लाख रुपये से अधिक का तो इनके घर में मार्बल लगा है। यह मार्बल भी वियतनाम से मंगवाया गया है।

भाजपा प्रवक्ता पात्रा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल का यह महल उस समय रेनोवेट हो रहा था जब दिल्ली में कोरोना से हाहाकार मचा था। कोरोना काल में ऑक्सीजन के टैंकर अस्पतालों तक नहीं पहुंच पा रहे थे। मरीजों को बेड नहीं मिल पा रहे थे, क्योंकि केजरीवाल अपने महल के रेनोवेशन में व्यस्त थे।

सच के हक में...
Daily THE PHOTON NEWS
www.thephotonnews.com
Thursday, 27 April 2023

## BRIEF NEWS

### सम्राट गिरोह का सरगना जयनाथ साहू 19 वर्ष पुराने मामले में बरी

**RANCHI :** सम्राट गिरोह का सरगना जयनाथ साहू को 19 वर्ष पुराने मामले में न्यायिक दंडाधिकारी शिवराज मिश्रा की अदालत ने बुधवार को बरी कर दिया। इस मामले में दो गवाही दर्ज करायी गयी। अदालत ने कहा कि उन गवाहों का बयान पूर्व के बयान से मेल नहीं खाता। उसके बाद पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में जयनाथ को बरी कर दिया गया। अधिवक्ता प्रित्यांशु सिंह ने मामले में जयनाथ साहू की ओर से बहस की। जयनाथ साहू पर वन विभाग के अधिकारी ने वन संरक्षण अधिनियम के तहत अवैध सखुआ और सेमल की लकड़ी रखने के मामले में लापुंग थाना में कांड संख्या-11/ 2004 दर्ज करायी थी। जयनाथ साहू के घर से सखुआ और सेमल की लकड़ी बरामद की गयी थी। लकड़ी बरामदगी काशी साहू और पलटू साहू के सामने हुई थी, इसलिए उन्हें गवाह बनाया गया था। जयनाथ साहू पर हत्या, डकैती, लूट, रंगदारी सहित 20 से अधिक मामले रांची और खूंटी के विभिन्न थाना में दर्ज हैं। 20 मामले में से वह सात मामले में अब तक बरी हो चुका है।

### युवती की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**RANCHI :** रांची के लापुंग थाना क्षेत्र के कोइनारा गांव में हुई युवती की हत्या मामले में मुख्य आरोपित दीपक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लापुंग थाना क्षेत्र के कोइनारा गांव में रविवार की रात सुशांति कुमारी (20) पिता बुधवा उरांव की पत्थर से कूच कर हत्या कर दी गयी थी। युवती की प्रेम-प्रसंग में हत्या की गई थी। आरोपित को शक था कि युवती किसी और से फोन पर बात करती है। इसके बाद दोनों में विवाद हुआ और आरोपित ने युवती की पत्थर से कूच कर हत्या कर दी। लापुंग थाना प्रभारी सुकुमार हेम्ब्रम ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

### झारखंड के पूर्वी सिंहभूम में कोरोना विस्फोट, 76 नए मरीज

**RANCHI :** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में कोरोना विस्फोट हुआ है। पूर्वी सिंहभूम में 76 नए मरीज मिले है। राज्य में कोरोना के 366 एक्टिव केस है। 44 मरीज स्वस्थ हुए हैं। पिछले 24 घंटे में राज्य में 115 कोरोना के नए मरीज मिले है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे में रांची में नौ , बोकारो,गोड्डा में दो और सरायकेला में दो, देवघर में छह, लातेहार में छह, धनबाद में पांच, पूर्वी सिंहभूम में 76, गढ़वा में एक, गिरिडीह में तीन और हजारीबाग में तीन मरीज मिले हैं। हालांकि 13 जिले में कोरोना का एक भी मरीज नहीं मिला है।

### थाना के बाहर स्कूटी में लगी आग,जांच में जुटी पुलिस

**RANCHI :** सदर थाना के बाहर बुधवार को पंजाब से आए एक युवक की स्कूटी जलकर राख हो गई। स्कूटी में आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस का कहना है कि एक युवक थाना में एक दारोगा से मिलने आया था। युवक दरोगा से मिलकर बाहर निकला तो देखा कि उसकी स्कूटी में आग लगी हुई है। युवक ने स्कूटी बचाने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो पाया। पुलिस सीसीटीवी का फुटेज खंगाल रही है ताकि यह स्पष्ट हो पाए कि स्कूटी में आग कैसे लगी है।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# फायरिंग मामले की TSPC ने ली जिम्मेदारी

**CRIME REPORTER RANCHI**

ठाकुरगांव थाना क्षेत्र स्थित चापाटोली में मंगलवार की रात हुई गोलीबारी की जिम्मेवारी टीएसपीसी के उग्रवादियों ने ली है। इस घटना की जिम्मेवारी लेते हुए टीपीसी के टीएसपीसी सबजोन कमिटी के अरविंद जी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भू-माफियाओं को चेतावनी दी है। कहा है कि रिंग रोड के आसपास गरीब रैयत, जिनमें अधिकांश आदिवासी हैं। भू-माफियाओं, गुंडों व दबंग व्यक्तियों द्वारा जाली कागजात बनाकर जमीन लूटी जा रही है। इसकी शिकायत लगातार संगठन के पास रैयतों द्वारा की जाती रही है। टीएसपीसी ने इनलोगों पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। कहा है कि जो भी सरकारी कर्मचारी रैयतों की जमीन लूट में शामिल हैं या भू-माफियाओं का साथ दे रहे है, टीएसपीसी संगठन उन्हें चिह्नित कर कठोर सजा देगी। मंगलवार को ठाकुरगांव इलाके में उग्रवादियों के द्वारा फायरिंग की घटना को अंजाम देने के बाद सभी उग्रवादी बुढमू इलाके में फरार हो गए थे। बुढमू इलाके में पुलिस और उग्रवादियों के बीच कई बार मुठभेड हो चुकी है। पुलिस के द्वारा कई उग्रवादियों का एनकाउंटर भी किया जा चुका है। पुलिस का कहना है कि टीएसपीसी के कई उग्रवादियों को जेल भेजा जा चुका है। संगठन पूरी तरह से टूट गया है। संगठन में कुछ लोग हैं जो फिर से संगठन को खड़ा करना चाह रहे है लेकिन पुलिस ऐसा होने नहीं देगी।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार की रात दो बाइक पर सवार चार अपराधियों ने ठाकुरगांव चापाटोली में एक व्यक्ति के चहारदीवारी निर्माण कार्य को बंद करने की चेतावनी देते हुए हवाई फायरिंग की थी। इस मामले में बुधवार को टीएसपीसी ने बयान जारी कर फायरिंग की जिम्मेदारी ली है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। मामले को लेकर संभावित ठिकानों पर पुलिस छापेमारी कर रही है।

## मुख्यमंत्री ने विधायक रामदास सोरेन के पुत्र और पुत्रवधू को दिया आशीर्वाद





मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन के पुत्र रॉबिन सोरेन के विवाह के उपलक्ष्य में आयोजित आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने नव दंपति को खुशहाल जीवन के लिए बधाई, शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया। मौके पर कई नेता मौजूद थे।

## हमारे लिए सत्ता नहीं जनता सर्वोपरि : राजेश ठाकुर

**REPORTER RANCHI**

रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को एक दिवसीय जय भारत सत्याग्रह उपवास कार्यक्रम आयोजित किया। मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि हमारे लिए सत्ता नहीं जनता सर्वोपरी है।

उन्होंने केन्द्र की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी पर भाजपा रोक लगा रही है। संविधान को तोड़ा जा रहा है। सत्ता का दुरुपयोग हो रहा है। केन्द्र सरकार सवालों से बचने के लिए सदन की प्रक्रिया को बाधित करती रही है।

मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि देश में नफरत फैलाने वाली शक्तियों से हमारी लड़ाई चल रही है, जिसका नेतृत्व राहुल गांधी कर रहे हैं। हम इस सत्याग्रह के माध्यम से लोकतंत्र और संविधान को बचाने निकले हैं।




धरने पर बैठे कांग्रेस के नेतागण।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**RANCHI :** सदर थाना क्षेत्र स्थित कोकर चौक के समीप मंगलवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार सुमन कुमार की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव घरवालों को दे दिया। पुलिस का कहना है कि सुमन कुमार चुटिया में रहता था। वह कुछ दिनों के बाद होटल खोलने वाला था। लेकिन इससे पहले घटना हो गई और उसकी मौत हो गई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से धक्का मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि किस वाहन ने सुमन को चपेट में लिया है।

## सुसंती हत्या मामले में एक गिरफ्तार

**CRIME REPORTER RANCHI**

रांची के लापुंग में सुसंती कुमारी हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम भरत बिझिया है और वह गुमला के बसिया का रहने वाला है। उसकी निशानदेही पर हत्या करने में प्रयोग किया गया खून लगा पत्थर, लाल दुपट्टा बरामद किया गया है। साथ दो मोबाइल फोन भी मिले हैं।

ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गत 24 अप्रैल को युवती के पिता बुधवा उरांव ने थाना में आवेदन देते हुए बताया था कि आरोपित भरत ने उनकी पुत्री की दुपट्टा से गला दबाकर और फिर पत्थर से कूच कर हत्या कर दी है। शव छुपाने की नियत से कोयनारा स्थित मसना के पास शव फेंक दिया गया है।

एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने कई लोगों को मामले में हिरासत में लेकर पूछताछ की। टीम ने पूछताछ और दर्ज प्राथमिकी के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर घटना में शामिल आरोपित भरत बिझिया को गुमला जिले से उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। उसके निशानदेही पर घटना में प्रयोग किया गया सामान बरामद कर लिया गया है। एसपी ने बताया कि पूछताछ के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी है कि त्रिपुरा में काम करने के दौरान आरोपित और युवती का जान-पहचान हुई थी। उसी समय से इन दोनों के बीच बातचीत एवं मिलना-जुलना होता रहता था। इसी क्रम में 23 अप्रैल की रात युवती से मिलने के लिए आरोपित भरत आया हुआ था। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद आरोपित ने सुसंती की हत्या कर दी।



गिरफ्तार आरोपी के बारे में बताते पुलिस अधिकारी।

## झारखंड MPW कर्मचारी संघ ने तीसरे दिन भी विरोध दर्ज किया



**REPORTER RANCHI**

तीसरे दिन सभी जिलों के एमपीडबल्यू स्वास्थ्यकर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर सभी जिलों मे चरणबद्ध आंदोलन के तहत सभी एमपीडबल्यू स्वास्थ्य कर्मियों ने अपने शरीर पर मांग पत्र का बैनर/पोस्टर लगाकर काम करते हुए विरोध दर्ज किया और विभाग में अपनी स्थाई समायोजन और कोविड के पश्चात 2 सालों के अंदर दिवंगत 22 एमपीडबल्यू स्वास्थ्य कमीयों के परिवार को उचित मुआवजा और उनके आश्रित को अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी की मांगों को विभाग और सरकार के समक्ष रखा। जिसकी जानकारी राज्य संघ के अध्यक्ष पवन कुमार ने दिया और यह भी बतलाया कि इस तरह विभाग और सरकार का अड़ियल रवैया हम सभी को आगे और भी आक्रामक रूप से हड़ताल करने पर बाध्य करेगा आज तीन दिन बीत जाने के पश्चात भी विभाग या सरकार स्तर से किसी प्रकार का कोई पहल नही किया गया है , जो निंदनीय है। अविलंब हम सभी के मांगों पर कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य विभाग एवं स्वास्थ्य मंत्रालय राज्य संघ को सूचित करें।

# पुलिस मुख्यालय ने किया 38 पुलिसकर्मियों का तबादला

**REPORTER RANCHI**

पुलिस मुख्यालय ने राज्य के अलग-अलग जिले में पदस्थापित 38 पुलिसकर्मियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। इनमें इंस्पेक्टर और सार्जेंट मेजर शामिल है। रांची, खूंटी, बोकारो, पाकुड़, जामताड़ा, लातेहार, चाईबासा, जमशेदपुर, सरायकेला, हजारीबाग, रामगढ़ और गिरिडीह जिला बल के पुलिस पदाधिकारी शामिल हैं। तबादला किए गए 38 पुलिस पदाधिकारियों में 30 इंस्पेक्टर, तीन सार्जेंट और आठ मेजर शामिल हैं।

रांची जिला बल से राजीव रंजन लाल, अहमद अली, रमेश कुमार सिंह, राजेश कुमार सिन्हा, सपन कुमार महथा, राजीव कुमार और नवल किशोर प्रसाद, खूंटी जिला बल से राजेश प्रसाद रजक, सुकांत त्रिपाठी, जयदेव टोप्पो का तबादला किया गया है। इसके अलावा जमशेदपुर जिला बल से नित्यानंद महतो, अरविंद कुमार, सरायकेला जिला बल से कृष्ण मुरारी, हजारीबाग जिला बल से नीरज कुमार सिंह, गणेश कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह और ललित कुमार का भी तबादला किया गया है। कोडरमा जिला बल से अजय कुमार सिंह, रामगढ़ जिला बल से राजेश कुमार, विपिन कुमार और विद्या शंकर एवं बोकारो जिला बल से जय गोविंद प्रसाद गुप्ता, सुधीर सुरीन, विनोद कुमार गुप्ता, मोहम्मद रुस्तम, अजय प्रसाद, दुमका जिला बल से देवरत पोद्दार तथा पाकुड जिला बल से सुरेन्द्र रविदास, जामताड़ा जिला बल से सुरेश प्रसाद और लातेहार जिला बल से अमित कुमार गुप्ता का तबादला किया गया है।

आठ सार्जेंट मेजर में तीन सार्जेंट मेजर का तबादला हुआ है। इनमें लातेहार जिला बल से सुशांत कुमार, हजारीबाग जिला बल से अजीत कुमार चौबे और चाईबासा जिला बल से मंटू यादव शामिल है। इसके अलावा पांच मेजर का तबादला हुआ है। इनमें सुदीप्त मंडल, कामेश्वर रजक, दीपक टोप्पो, लातेहार जिला बल से संतोष कुमार और गौतम कुमार शामिल है। डीआईजी कार्मिक की ओर से बुधवार को जारी आदेश में कहा गया है कि संबंधित जिले के एसएसपी, एसपी स्थानांतरित पुलिस पदाधिकारी को अविलंब विरमित करते हुए पुलिस मुख्यालय को प्रतिवेदन उपलब्ध करायेंगे।

## DSPMU के कुलपति ने विद्यार्थियों को पढ़ाया मीडिया इकोनॉमिक्स



**REPORTER RANCHI**

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने बुधवार को विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन के सेमेस्टर तीन के विद्यार्थियों की मीडिया इकोनॉमिक्स का पाठ पढ़ाया। उन्होंने छात्र-छात्रों को अर्थशास्त्र के विषय वस्तु को समझाया। बताया कि 1776 से पहले अर्थशास्त्र का अध्ययन स्वतंत्र रूप से न करके सामाजिक विज्ञान के अंतर्गत होता था। 1776 में प्रो एडम स्मिथ की पुस्तक विल्थ ऑफ नेशन प्रकाशित हुई थी। यहीं से अर्थशास्त्र का वैज्ञानिक अध्ययन प्रारंभ हुआ। उन्होंने मीडिया के महत्व को बताते हुए कहा कि कोई भी समाज, सरकार, वर्ग, संस्था या समूह मीडिया की महत्ता को दरकिनार कर आगे नहीं बढ़ सकता। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। इसके पहले स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन के निदेशक प्रो। राजेश कुमार सिंह, विभागीय शिक्षकों और विद्यार्थियों ने कुलपति का स्वागत किया।

### मिड डे मील घोटाला मामले में संजय तिवारी सहित तीन आरोपियों के खिलाफ आरोप गठित

**RANCHI :** मिड डे मील में 100 करोड़ रुपये के घोटाले के आरोपित संजय कुमार तिवारी, अजय उरांव और राजू वर्मा के खिलाफ बुधवार को आरोप गठित किया गया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने संजय तिवारी सहित अन्य आरोपितों के खिलाफ लगे आरोपों को पढ़कर सुनाया। इस दौरान आरोपितों ने इसे गलत बताया। संजय तिवारी एवं अन्य की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने पैरवी की। इससे पहले 24 अप्रैल को संजय की डिस्चार्ज याचिका को सीबीआई कोर्ट ने खारिज कर दिया था। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने मिड डे मील घोटाले को लेकर अगस्त 2017 में संजय तिवारी, एसबीआई हटिया ब्रांच के मैनेजर अजय उरांव सहित तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की थी। वहीं दूसरी ओर वर्ष 2021 में ईडी ने कांड संख्या ईसीआईआर 3/2021 दर्ज कर केस को टेकओवर किया। मनी लॉन्ड्रिंग के तहत ईडी मामले की जांच कर रही है।

### रोस्पा टावर बेसमेंट पार्किंग मामले में नोटिस निगम ने लगाया 52 लाख रुपये का दंड

**RANCHI :** रांची नगर निगम ने मेन रोड स्थित रोस्पा टावर के बेसमेंट को पार्किंग के स्वीकृत नक्शे के अनुरूप नहीं रखने के मामले में फिर से नोटिस जारी किया है। 52,79,200 रुपये का दंड भी लगाया है। नोटिस के अनुसार स्वीकृत नक्शे के अनुसार पार्किंग के लिए कुल 1422 स्क्वायर मीटर क्षेत्र में से 814.40 स्क्वायर मीटर क्षेत्र पर अतिक्रमण किया गया है। इस अनधिकृत निर्माण को 15 दिनों के भीतर हटाने का आदेश दिया गया है। जानकारी के अनुसार, नगर आयुक्त शशि रंजन के द्वारा 1 सितंबर 2016 को धारा 428 एवं 453 (4) के तहत कुल रुपए 52,79,200 का दंड लगाया गया था। फिर भवन मालिकों इस आदेश के विरुद्ध अपील दायर की थी। न्यायाधिकरण द्वारा 22 अप्रैल 2022 को भवन मालिकों की अपील को खारिज करते हुए नगर आयुक्त के आदेश को बरकारार रखा गया था। अब फिर इस मामले में रोस्पा टावर को नोटिस जारी किया गया है। कहा गया है कि इस प्रक्रिया में हुए खर्च की भरपाई भी भवन मालिकों से वसूला जायेगा।

## कांटाटोली चौक के पास सर्विस लेन का निर्माण पूरा



सड़क निर्माण कार्य में लगे कर्मचारीगण।

**REPORTER RANCHI**

कांटाटोली फ्लाईओवर के किनारे शांति नगर से बहूबाजार तक दोनों तरफ के सर्विस लेन का निर्माण किया जा रहा है। बुधवार को जुडको के महाप्रबंधक और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में मंगल टावर के आसपास सर्विस लेन का निर्माण पूरा किया गया।

दोनों तरफ सर्विस लेन के निर्माण के बाद बीच सड़क पर चल रहे वर्तमान यातायात को रोक कर सर्विस रोड से यातायात खोला जायेगा। इसके बाद बीच सड़क पर पियर पर कैप लगाने एवं अन्य तकनीकी काम शुरू होगा। फ्लाईओवर निर्माण के लिए कुल 43 पिलर खड़े करने हैं। इनमें से अबतक 38 का निर्माण पूरा हो चुका है। इनमें से 15 की कैपिंग भी हो चुकी है।

# रांची विवि में यूजी, पीजी की परीक्षा में late



**REPORTER RANCHI**

रांची विश्वविद्यालय में स्नातक सत्र 2022-25 और स्नातकोत्तर सत्र 2022-24 के पहले समेस्टर की परीक्षा नहीं हुई है। नियमतः 6 महीने का एक सेमेस्टर होता है, जो जुलाई से दिसंबर तक का होता है। पहले सेमेस्टर की पढ़ाई जुलाई से शुरू हो जानी चाहिए और दिसंबर में परीक्षा होनी चाहिए। लेकिन नामांकन भी लेट हुआ और अब परीक्षा में भी विलंब है। हालांकि स्नातकोत्तर की परीक्षा 4 मई से ली जाएगी। जानकारी के अनुसार रांची विश्वविद्यालय समेत झारखंड के अन्य विश्वविद्यालयों का भी यही हाल है।

**परीक्षा लेट होने का मुख्य कारण है एफिलिएटेड कॉलेज :** रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के कर्मचारियों ने बताया कि सेशन और परीक्षा लेट होने का मुख्य कारण है एफिलिएटेड कॉलेज। केवल कंस्टीच्यूएंट कॉलेज की बात होती, तो परीक्षा समय पर ले ली जाती। एफिलिएटिड कॉलेज वोकेशनल कोर्स के लिए एप्लीकेशन लेने में लेट करते हैं। इसकी वजह से रजिस्ट्रेशन देर से होता है। इसके कारण परीक्षा भी समय पर नहीं होती है। पहले से सेशन लेट चलता है और देर से परीक्षाएं होती हैं। उसी कारण नामांकन में देर होता है। फिर रजिस्ट्रेशन में भी देरी हो जाती है। इसके लिए परीक्षा भी समय पर नहीं हो पाती है।

### विद्यार्थियों ने कहा- हमें नुकसान उठाना पड़ता है

विद्यार्थियों ने कहा कि सेशन लेट होने से हमें समस्या का सामना करना पड़ता है। मानसिक रूप से परेशान रहते हैं, क्योंकि हमारी परीक्षा समय पर नहीं हो पाती है। लास्ट सेमेस्टर या तो आगे बढ़ जाते हैं या फिर कम समय में ही इसे पूरा करना पड़ता है। दोनों में हमारा नुकसान होता है। अगर कम समय दिया जाता है तो हम सिलेबस पूरा नहीं कर पाते हैं और आगे होता है तो बाहर के विश्वविद्यालयों में हम नामांकन कराना चाहते हैं, तो नहीं करा पाते हैं।

## HC ने सरकार पर लगाया दस हजार जुर्माना

**REPORTER RANCHI**

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार पर दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। अवैध तरीके से बालू उठाव के मामले में जवाब दाखिल नहीं करने पर अदालत ने यह जुमार्ना लगाया है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की बेंच ने सरकार को गलत तरीके से बालू उठाव नहीं होने देने और ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अदालत अब इस मामले की अगली सुनवाई 14 जून को करेगी। इस संबंध में फेडरेशन ऑफ झारखंड एंड ट्रेडर्स एसोसिएशन ने जनहित याचिका दायर की है। जनहित याचिका में कहा गया है कि झारखंड के नदी घाटों से बालू उठाव बिना टेंडर या बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के हो रहा है। अवैध रूप से बालू उठाव होने से राज्य सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। वहीं बालू की मनमानी कीमत वसूली जा रही है।

BRIEF NEWS

### महिला आरक्षी की मौत

**SAHIBGANJ :** बुधवार को जिरवाबाड़ी ओपी में तैनात महिला आरक्षी उषा देवी गहलोत की मौत बीमारी से हो गई। वह पुलिस लाइन के पास ही परिवार के सदस्यों के साथ रहती थी। इन दिनों उसकी ड्यूटी साहिबगंज व्यवहार न्यायालय में थी। सुबह जब वह ड्यूटी जाने के लिए तैयार हो रही थी इसी दौरान तबीयत खराब होने की बात परिवार वालों को कही। परिवार वाले उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह मूल रूप से भागलपुर जिले के कहलगांव की रहनेवाली थी। मेडिकल बोर्ड का गठन कर सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इसकी प्रक्रिया चल रही है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस लाइन में अंतिम सलामी दी जाएगी जिसके बाद स्वजन यहां से शव ले जाएंगे। अंतिम संस्कार गांव में करेंगे।

### अवैध खनन के विरुद्ध जिला प्रशासन ने की कार्रवाई

**RAMGARH :** जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा के द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में बुधवार को खनन निरीक्षक श्री विनोद बिहारी प्रमाणिक द्वारा चलाए गए जांच अभियान के दौरान बरकाकाना थाना क्षेत्र अंतर्गत 2 बालू लदे ट्रैक्टरों को अवैध रूप से खनिज का परिवहन करने का दोषी पाया गया है जिसके उपरांत वाहन को जब्त एवं संबंधित पर प्राथमिकी दर्ज करने के उपरांत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### कला संगम दुर्गा मंदिर का वार्षिक उत्सव मना

**RANCHI :** कला संगम दुर्गा मंदिर नार्थ मार्केट रोड,अपर बाजार रांची का 26 वां वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। दुर्गा मंदिर का वार्षिक उत्सव समारोह वैदिक मंत्रोचार के साथ शुरू हुआ। अपर बाजार स्थित कला संगम दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर मन्नतें मांगी और पुजारी ने विधि विधान से पूजा शुरू किया। मंगलवार सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दिन चढ़ते के साथ भक्तगण मां के दर्शन करने के लिए पहुंच रहे थे। इस मौके पर आज कार्यक्रम की शुरूआत शेरावाली मैया का महा स्नान मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। माता जी का महाआरती कर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुगण प्रसाद ग्रहण कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किए। कार्यक्रम में संस्था के कला संगम परिवार उपस्थित थे। यह जानकारी समिति के पूर्व सह मंत्री नमन भारतीय ने दी।

### हाई स्कूलों को अपग्रेड करने को लेकर बैठक आयोजित

**RAMGARH :** बरकाकाना एरिया के हाई स्कूलों को अपग्रेड नहीं होने से ग्रामीण गरीब बच्चे उच्च शिक्षा से वांचित हो रहे हैं। उक्त बातें स्टेशन अधीक्षक प्रदीप करमाली ने सीआईसी बस्ती में प्रो शाहनवाज खान के आवास में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण गरीब परिवार के अभिभावक अपने बच्चों को ग्यारहवीं में इसलिए दाखिला नहीं करवाते हैं क्योंकि उनके पास इतनी आर्थिक क्षमता नहीं है कि वह अपने बच्चों को रामगढ़ या भुरकुंडा आने-जाने का किराया वहन कर सकें। बैठक का संचालन कर रहे अधिवक्ता उमेश महतो ने कहा कि हमारे शत प्रतिशत बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त करे इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए एरिया के स्कूल को प्लस टू परिवर्तित करना होगा। इसके लिए इस मांग को जोरदार ढंग से उठाना होगा। प्रो शाहनवाज खान ने कहा कि आगामी एक मई को एक बजे से पुनः एक बैठक होगी जिसमें एरिया के सैकड़ों लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। जिसमें रणनीति तैयार की जाएगी ताकि सीसीएल उच्च विद्यालय और श्री नारायण उच्च विद्यालय को अपग्रेड कर उसे प्लस टू हाई स्कूल बनवाया जा सके। आज की बैठक में मुख्य रूप से मो सलीम, देवकी बेदिया, सुशील कुमार, नेपाल विश्वकर्मा, मो जावेद, मो वारिश, रामबिलास करमाली आदि उपस्थित थे।

## गोला प्रखंड के नावाडीह पंचायत में हुआ मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन

# DC ने कहा, तमाम सुविधाओं से युक्त होंगे आंगनबाड़ी केन्द्र

**PHOTON NEWS RAMGARH**

बुधवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत गोला प्रखंड के नावाडीह पंचायत में डीएमएफटी मद से नवनिर्मित मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस दौरान विधायक रामगढ़ सुनीता चौधरी एवं उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने संयुक्त रूप से मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया। मौके पर विधायक सुनीता चौधरी, उपायुक्त माधवी मिश्रा, अध्यक्ष जिला परिषद सुधा देवी, उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा, जिला परिषद सदस्यों अन्य जनप्रतिनिधियों आदि के द्वारा बच्चों के बीच पठन सामग्रियों का वितरण किया गया।



फीता काटकर आंगनबाड़ी केन्द्र का उद्घाटन करती उपायुक्त व विधायक ● द फोटोन न्यूज

कार्यक्रम के दौरान विधायक रामगढ़ सुनीता चौधरी ने डीएमएफटी के तहत गोला प्रखंड के नावाडीह पंचायत में नवनिर्मित मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का संचालन शुरू होने पर सभी लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कार्यों की सराहना की वहीं उन्होंने कहा कि मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से ना केवल बच्चों, गर्भवती महिलाओं आदि को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी बल्कि रामगढ़ जिले के विकास में भी इससे गति आएगी।

इस दौरान उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने कहा की रामगढ़ जिले में 1000 से अधिक आंगनवाड़ी केंद्र संचालित हैं। लेकिन लगभग 50 प्रतिशत आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन अस्थाई भवनों अथवा किराए के भवनों में हो रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए डीएमएफटी के माध्यम से जिले में योजनाबद्ध तरीके से आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण का निर्णय लिया गया। प्रथम चरण में जिले के अलग-अलग प्रखंडों में कुल 14 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है। इसी क्रम में आज डीएमएफटी के तहत नवनिर्मित मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन गोला प्रखंड के नावाडीह पंचायत में किया गया है। इसके साथ ही उपायुक्त ने कहा कि शेष निमार्णाधीन मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों का भी निर्माण कार्य अंतिम चरण में है एवं अधिकारियों को जल्द से जल्द मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

बच्चों को जीवन के शुरूआत से ही विकास की दिशा में आगे बढ़ाने के मद्देनजर जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा डीएमएफटी के माध्यम से अलग-अलग प्रखंडों में कुल 14 नए मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है। गोला प्रखंड के नावाडीह पंचायत में मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत बुधवार से केंद्र का संचालन शुरू हो गया वहीं शेष मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों का कार्य अंतिम चरण में है एवं जल्द ही महिलाओं व बच्चों के लिए उपलब्ध होगा। आंगनबाड़ी केंद्र वर्तमान समय की जरूरतों के हिसाब से तमाम सुविधाओं से युक्त होंगे।

बच्चों व महिलाओं के विकास एवं उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रामगढ़ जिले में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों में जिला प्रशासन की पहल से 28 वर्षों के बाद विभिन्न बर्तन उपलब्ध कराए जाएंगे। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती कनक कुमारी तिर्की द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में बर्तनों की आवश्यकता को उपायुक्त के संज्ञान में लाने के उपरांत जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा डीएमएफटी के माध्यम से केंद्रों में बर्तन उपलब्ध कराने हेतु डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक के दौरान स्वीकृति दी गई है जिसके तहत आगे की कार्रवाई पूरी कर बच्चों व महिलाओं को इससे लाभान्वित करने हेतु तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है।

## DC ने की झारखंड मिलेट्स प्रदर्शनी एवं सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा

**PHOTON NEWS KHUNTI**

केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय और पीएचडीसीसीआइ के तत्वावधान में झारखंड मिलेट्स प्रदर्शनी एवं सम्मेलन का शुभारंभ गुरुवार को होगा। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय सचिव अनीता प्रवीण उद्घाटन करेंगी।

इस सम्मेलन को लेकर उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को एक बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने आयोजन की तैयारियों को लेकर विस्तार में चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और सभी संबंधित विभाग के अधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करें। डीसी ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान कुल 30 स्टॉल लगाए जायेंगे, इसमें विभिन्न विभाग एवं संस्थानों की प्रदर्शनी और मिलेट्स की विशेष प्रदर्शनी लगाई जाएगी। उन्होंने ने सभी कार्यों के बेहतर संचालन को लेकर वोलेंटियर्स की प्रतिनियुक्ति की।

उपायुक्त ने कहा कि मिलेट्स प्रदर्शनी सह सम्मेलन के आयोजन से प्रगतिशील किसान लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि किसानों को उन्नत कृषि गतिविधियों से जोड़ने का बेहतर प्रयास है। इस माध्यम से उन्हें नई चीजों को जानने के अवसर मिलेंगे। साथ ही उन्हें चर्चा के लिए एक मंच मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि गुरुवार को पूर्वाह्न 9 बजे से पंजीकरण प्रारंभ कर दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि स्थानीय बिरसा कॉलेज के बहुउद्देशीय भवन में दो दिवसीय झारखंड मिलेट्स प्रदर्शनी एवं सम्मेलन 27 व 28 अप्रैल को आयोजित होगा। सम्मेलन में नवाचार, विपणन क्षमता और स्वाद पर विशेषज्ञ चर्चा होगी। सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के सचिव अनिता प्रवीण करेंगी।

### रामगढ़ के तीन इंस्पेक्टर का जिले से बाहर ट्रांसफर

**RAMGARH :** जिले में पदस्थापित तीन इंस्पेक्टर का जिले से बाहर ट्रांसफर किया गया है। डीजीपी कार्यालय से बुधवार की शाम जारी आदेश में रामगढ़ जिले में पदस्थापित इंस्पेक्टर राजेश कुमार, विपिन कुमार और विद्याशंकर को अलग अलग जिले में ट्रांसफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक राजेश कुमार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और विपिन कुमार को अपराध अनुसंधान विभाग, रांची के लिए ट्रांसफर किया गया है। इसके अलावा विद्याशंकर को सिमडेगा जिले में पदस्थापित किया गया है।

## Haldiya से Banaras तक 60 जगह कम्युनिटी जेट्टी का होगा निर्माण

**PHOTON NEWS SAHIBGANJ**

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अर्थ गंगा के तहत हल्दिया से बनारस तक जलमार्ग संख्या एक में 2030 तक 60 कम्युनिटी जेट्टी का निर्माण कराया जाएगा। इससे स्थानीय लोगों को एक जगह से दूसरी जगह आने-जाने व माल को लाने-ले जाने में सुविधा होगी। झारखंड में चार जगह साहिबगंज, मंगलहाट, राजमहल व राधानगर कम्युनिटी जेट्टी निर्माण की योजना है। इसका काम इस वित्तीय वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य है।

यह जानकारी बुधवार को केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर ने यहां पत्रकारों को दी। वे कलेक्ट्रेट के सभागार में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निर्माण के बाद दो साल तक केंद्र सरकार कम्युनिटी जेट्टी का रखरखाव करेगी। इसके बाद उसे राज्य सरकार को सौंप दिया जाएगा। कहा कि राज्य सरकार रुचि ले तो स्थानीय लोगों को इससे काफी लाभ मिलेगा। काफी कम खर्च में लोग आवागमन कर सकेंगे तथा अपने सामान को एक जगह से दूसरी जगह ले जा सकेंगे।

### टर्मिनल का भी होगा विस्तार

उन्होंने बताया कि यहां निर्मित मल्टीमाडल टर्मिनल पर 372 मीटर जेट्टी का निर्माण होना है। अब तक 172 मीटर का काम हुआ है। 200 मीटर और जेट्टी का निर्माण कराया जाएगा। इस दिशा में काम चल रहा है। मल्टी माडल टर्मिनल को रेल मार्ग से भी जोड़ने की योजना है। इसका संचालन अब तक शुरू नहीं होने की बात पर उन्होंने कहा कि इसके लिए पांच बार टेंडर हो चुका है। केंद्र सरकार इसे फिलहाल मुफ्त में भी लीज पर देने को तैयार है लेकिन कोई आगे नहीं आ रहा है। राज्य सरकार को भी इसके संचालन की पहल करनी होगी। स्थानीय कारोबारी भी इसका संचालन कर सकते हैं।

दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे मंत्री ने बुधवार को पत्रकारों को संबोधित करने के बाद ओझाटोली गंगा घाट पहुंचे और नदी में मछली का स्पान छोड़ा। इसके बाद वे सड़क मार्ग से फरक्का रवाना हो गए। मौके पर भारतीय अंतरदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण के निदेशक अरविंद कुमार, उपनिदेशक प्रवीण बोरा, सहायक निदेशक संजीव कुमार व विनीत पांडेय मौजूद थे।

### क्या है कम्युनिटी जेट्टी

जिस प्रकार रेलमार्ग में महत्वपूर्ण जगहों पर बड़ा स्टेशन व छोटी जगह पर हाल्ट बनाया जाता है। उसी प्रकार जलमार्ग में भी छोटी-छोटी जगह पर कम्युनिटी जेट्टी बनाई जाती है। यह पूरी तरह फ्लोटिंग होता है। नदी के जलस्तर के हिसाब से इसे इधर-उधर किया जा सकता है। अंतरदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा कहीं और इसका निर्माण कराया जाएगा और यहां लाकर उसे सेट कर दिया जाएगा। जहां कम्युनिटी जेट्टी बनाई जाएगी वहां गंगा किनारे यात्रियों के लिए आवश्यक मुलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी।

## पीड़ितों परिवारों के बीच किया गया 28 लाख रुपये की राशि का वितरण

**PHOTON NEWS PALAMU**

पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे ने बुधवार को दुष्कर्म पीड़िता और हत्या मामले में पीड़ित परिवारों के बीच कुल 28 लाख रुपये की राशि के चेक प्रदान किए। यह राशि झारखंड पीड़ित प्रतिकर अधिनियम के तहत प्रदान की गई।

जानकारी अनुसार क्रिमिनल इंजरी कंपनसेशन बोर्ड की बैठक में पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, सिविल सर्जन व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने पीड़ितों व उनके परिजनों को 28 लाख रुपये की कुल राशि के चेक देने का निर्णय लिया था। न्यायालय से पीड़ितों और उनके परिजनों को झारखंड पीड़ित प्रतिकर अधिनियम की राशि देने की अनुशंसा की गई थी। अब सरकार से राशि मिलने के बाद पीडीजे प्रदीप कुमार चौबे ने पीड़ितों और उनके परिजनों को 28 लाख रुपये की कुल राशि के चेक प्रदान किए।

इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि पॉक्सो के एक मामले में पीड़िता को आठ लाख का चेक, वहीं एक पीड़िता को सात लाख पचास हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया है। इसी तरह हत्या के दो केस में से एक में एक पीड़ित परिवार को सात लाख पचास हजार रुपये और एक पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अबतक 33 लाख रुपये झारखंड पीड़ित प्रतिकर अधिनियम के तहत पांच केस में भुगतान किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि समय-समय पर डालसा के द्वारा क्रिमिनल इंजरी कंपनसेशन बोर्ड की बैठक आहूत की जाती है। जिसमें पीड़ितों को चिन्हित कर मुआवजा देने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाती है।

### Train की चपेट में आने से चार रेलकर्मी घायल

**PHOTON NEWS SARAIKELA**

चक्रधरपुर रेल मंडल अंतर्गत राजखरसावां रेलवे स्टेशन पर बुधवार को ट्रेन की चपेट में आने से चार रेलवे कर्मचारी घायल हो गए। घायलों को चक्रधरपुर रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल रेलकर्मियों में आदित्यपुर के लोको पायलट बी.घोष, टाटा के लोको पायलट रविन्द्र कुमार, असिस्टेंट लोको पायलट सुमंत कुमार के अलावा राजखरसावां के पॉइंट्स मैन एके मंडल शामिल हैं। जानकारी के अनुसार राजखरसवां रेलवे स्टेशन पर रेल इंजन को जोड़ने का कार्य चल रहा था।

## MPW का आंदोलन तीसरे दिन भी जारी, तख्ती लगाकर सरकार का विरोध

### स्थाई समायोजन और कोरोना में मारे गए कर्मियों के भुगतान की कर रहे मांग

**PHOTON NEWS DHANBAD**

अपनी मांगों को लेकर मल्टी परपस वर्कर (एमपीडब्ल्यू) स्वास्थ्य कर्मियों का आंदोलन तीसरे दिन भी धनबाद में जा रही है। एमपीडब्ल्यू संघ के आह्वान पर धनबाद समेत सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। बुधवार को कर्मियों ने अपने-अपने कार्यस्थल पर तख्ती लगाकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। संघ के सुजीत कुमार ने बताया कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अंतर्गत काम करने वाले एमपीडब्ल्यू विरोध कर रहे हैं। 24 और 25 अप्रैल को सभी ने काला बिल्ला लगाकर अपने कार्यस्थल पर काम किया। बुधवार से सभी तख्ती लगाकर अपने अपने कार्यसल पर काम कर रहे हैं। सुजीत ने बताया कि पिछले 4 वर्षों से एमपीडब्ल्यू को सरकार स्थाई समायोजन का आश्वासन दे रही है। लेकिन अभी तक कोई ठोस पहल इस पर नहीं किया जा सका है। मजबूर होकर सभी को विरोध प्रदर्शन करना पड़ रहा है।

धनबाद में फिलहाल 2 माह से लेकर 15 वर्ष तक के बच्चों को खसरा और रूबेला का टीकाकरण किया जा रहा है। लेकिन कर्मचारियों के आंदोलन के कारण यह टीकाकरण भी कई जगहों पर प्रभावित हो रही है। इसकी सूचना मुख्यालय के पदाधिकारियों को दी गई है।

सुजीत ने बताया कि कोरोना संक्रमण काल के दौरान एमपीडब्ल्यू को सबसे ज्यादा धरातल पर काम करना पड़ा। स्थिति यह हुई कि धनबाद समेत पूरे राज्य में 22 मल्टी परपस वर्कर की संक्रमण की वजह से जान चली गई। अब सरकार से परिवार के सदस्यों को सरकारी नौकरी देने और उचित मुआवजा भुगतान करने की मांग की जा रही है। लेकिन अभी तक सरकार की ओर से ठोस पहल नहीं किया जा सका है।

## Suicide के लिए मजबूर करने के दोषी को 5 साल सश्रम कारावास

**PHOTON NEWS KODARMA**

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने बुधवार को उकसा कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के एक मामले में आरोपित संतोष तुरी निवासी मधुबन को दोषी पाते हुए 5 साल सश्रम कारावास एवं 2 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 3 माह अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतनी होगी।




सिविल कोर्ट, कोडरमा। ● द फोटोन न्यूज

मामले में मृतका मालो देवी की मां दुनिया देवी ने डोमचांच थाना में आवेदन देकर केस दर्ज कराया था। उन्होंने कहा था कि उनकी पुत्री मालो देवी की शादी 2006 में संतोष तुरी निवासी मधुबन के साथ हुई थी। शराब पीने के लिए रुपये मांगने को लेकर संतोष पत्नी मालो से लड़ाई झगड़ा करता था। घटना के दिन भी संतोष ने मालो को उकसा कर मिट्टी का तेल डालकर आग लगाने के लिए मजबूर किया। गुस्से में आकर उसकी पुत्री मालो देवी ने शरीर पर केरोसिन तेल डालकर आग ली। बेहतर इलाज के लिए रांची ले जाने के दौरान रामगढ़ में उसकी मृत्यु हो गई। मरने से पहले मालो देवी ने अपने बयान में कहा था कि 29 जनवरी 2020 की रात संतोष घर में आया और पीने के लिए पैसा मांगने लगा। रात करीब 12 बजे वह उसे मारने लगा और कहा कि मुझे पैसा दो नहीं तो तुम मर जाओ। गुस्से में आकर उसने अपने शरीर पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा ली।

अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक पीपी पीके मंडल ने किया। बचाव पक्ष की ओर से व्यवहार न्यायालय कोडरमा के एलएडीसी अरुण कुमार ओझा ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुमार्ना लगाया।

## यूजीसी की ओर से की गयी साइबर क्राइम कोर्स की शुरूआत

# Cyber Crime के बारे में किया गया छात्रों को जागरूक

**PHOTON NEWS RAMGARH**

जिले के रामगढ़ कॉलेज परिसर में बुधवार को छात्रों को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को बताया गया कि कैसे साइबर अपराधी घर बैठे लोगों को बेवकूफ बनाते हैं और उनके बैंक खाते खाली कर देते हैं।

मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद साइबर विद्यापीठ के निदेशक बालाजी वेंकटेश ने बच्चों को साइबर सुरक्षा के विषय में विस्तार से बताया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि सरकार के अंतर्गत यूजीसी की ओर से एक कोर्स की




साइबर क्राइम को लेकर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग ● द फोटोन

शुरूआत की गई है जिसमें बच्चों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा और उन्हें पढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूरे देश भर में झारखंड पहला राज्य है जहां इस कोर्स को पढ़ाया जाएगा।

वेंकटेश ने बताया कि झारखंड में सबसे पहले इसकी पढ़ाई विनोबा भावे यूनिवर्सिटी के माध्यम से कराई जा रही है। इस कोर्स के लिए हर बच्चे को 60 घंटे की क्लास कराई जाएगी। जिसमें प्रेक्टिकल परीक्षा भी अलग से कराई जाएगी। प्रेक्टिकल परीक्षा के माध्यम से हर एक विद्यार्थी को 100-100 लोगों को साइबर सुरक्षा के लिए जागरूक करना होगा। उन्होंने बताया कि इस तरह से विनोबा भावे विश्वविद्यालय में तकरीबन 30000 विद्यार्थी हैं जो इस कोर्स को करेंगे। यदि 30000 विद्यार्थी 100 लोगों से संपर्क करेंगे तो तकरीबन 30 लाख लोगों तक साइबर सुरक्षा की जानकारी दी जा सकेगी। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से यह कोर्स एक बहुत बड़े आंदोलन का रूप लेने वाला है। जिसमें हर तरह के साइबर अपराधियों पर आसानी से लगाम लगाया जा सकेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्या डॉ रेखा प्रसाद ने की। मंच संचालन प्रो रोज उरांव ने किया।

## Adityapur में 72 बोतल नकली शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**PHOTON NEWS SARAIKELA**

जिले के आदित्यपुर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के मांझी टोला के संजय नगर से 72 बोतल नकली शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

थाना प्रभारी राजन कुमार ने बुधवार को बताया कि संजय नगर, मांझी टोला निवासी चरणपाल महंती नामक व्यक्ति के घर से नकली विदेशी शराब का कारोबार करने की जानकारी मिली है। इसके बाद पुलिस ने छापा मारकर चरणपाल के घर से अलग-अलग ब्रांडों की 72 पेटी अवैध नकली विदेशी शराब व पानी की बोतलें आदि बरामद की है। इसके बाद चरणपाल महंती को गिरफ्तार कर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र में संचालित विदेशी शराब की दुकानों के मिलीभगत से स्लम बस्तियों में अवैध शराब भट्ठियों का संचालन किया जा रहा है। लाइसेंसी दुकानदारों के साठगांठ से शराब माफिया स्लम बस्तियों में विदेशी शराब को मिलावट कर बेचते हैं। ऐसे अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बालू लदे 2 ट्रैक्टर जब्त

**RAMGARH :** रामगढ़ जिले के बरकाकाना थाना क्षेत्र में अवैध रूप से बालू लोड कर ले जा रहे दो ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है। खनन निरीक्षक विनोद बिहारी प्रमाणिक द्वारा बुधवार को चलाए गए जांच अभियान के दौरान बरकाकाना थाना क्षेत्र से बालू लदे 2 ट्रैक्टरों को अवैध रूप से ले जाने का दोषी पाया गया।

## Rahul Gandhi के बाद अब Tejashwi Yadav पर संकट

# 'गुजराती ठग' वाले बोल पर याचिका दाखिल

**AGENCY PATNA**

बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव एक पुराने विवादित बयान में घिरते नजर आ रहे हैं। बुधवार को गुजरात के अहमदाबाद कोर्ट से डिप्टी सीएम के लिए एक बुरी खबर आई। गुजरातियों को ठग कहने के मामले में अहमदाबाद मेट्रो कोर्ट में उनके खिलाफ एक याचिका दाखिल की गई है। दाखिल याचिका में तेजस्वी यादव के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई है। इस मामले में आगे की सुनवाई एक मई को होगी।

**सीबीआई छापे के बाद दिया था बयान :** बता दें कि सीबाआई छापों के बाद से ही वे लगातार प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह हमलावर नजर आ रहे थे। यह बयान तब का है जब वे विधानसभा में मेहुल चौकसी पर से रेड क्रॉस नोटिस हटने पर अपनी बात रख रहे थे, तभी मोदी-शाह पर हमला करने के चक्कर में उनकी जुबान फिसल गई और पूरे



गुजराती समाज को ही उन्होंने ठग बता दिया। उन्होंने कहा था कि दो ठग हैं ना...आज देश के हालात देखे जाएं तो सिर्फ गुजराती ही ठग हो सकते हैं और उनके को माफ किया जाएगा।

### कहीं राहुल गांधी जैसा न हो हाल

तेजस्वी का यह बयान काफी वायरल हुआ था। अब अचानक इस तरीके से याचिका का दाखिल होना उपमुख्यमंत्री की मुश्किलें बढ़ा सकता है। यह याचिका इसलिये भी गंभीर क्योंकि ऐसे ही एक विवादित बयान के मामले कांग्रेस नेता और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता जा चुकी है।

### पीएम मोदी और शाह पर किया था अपरोक्ष हमला

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और शाह पर अपरोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा था कि इनके कितने यार-दोस्त हैं जो भ्रष्टाचारी हैं लेकिन उनके लिए इनका तोता नहीं निकलता है। इसके साथ ही सीबीआई छापे पर बयान देते हुए बीजेपी पर जमकर हमला किया था।

## शेखपुरा में करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत



**AGENCY SHEKPURA**

शेखपुरा थाना क्षेत्र के दो गांव में अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। कारे गांव में बिजली का करंट लगने से 12 साल के किशोर की मौत हो गई। वहीं, सड़क दुर्घटना में एक युवक की जान चली गई। कारे गांव में बिजली के करंट से 12 साल के किशोर मोहित कुमार की मौत हो गई। दूसरे हादसे में राम जी बिंद की जान भी चली गई। वे रास्ते में घायल पड़े हुए थे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों का शव कब्जे में लिया। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया कि गवय गांव में नरेश महतो के पुत्र मोहित कुमार सुबह शौच करने बधार की तरफ गया था। इसी दौरान वह खेत में गिरे हुए बिजली के तार की चपेट में आ गया। ग्रामीणों ने किशोर को सदर अस्पताल लाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## अब MLC अफाक अहमद, प्रशांत किशोर के 'खास' को सभापति ने दिलाई विधान परिषद की सदस्यता की शपथ

**AGENCY PATNA**

सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जन सुराज समर्थित नवनिर्वाचित विधान पार्षद अफाक अहमद ने बुधवार को विधान परिषद के सदस्य के तौर पर पद और गोपनीयता की शपथ ली। बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने अपने कक्ष में अफाक अहमद को शपथ दिलवाई।

इस मौके पर विधान परिषद के उप सभापति डॉ रामचंद्र पूर्वे भी मौजूद रहे। बता दें कि पश्चिम चंपारण के रहने वाले अफाक अहमद ने हाल ही में सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में विधान परिषद की सीट पर हुए उप-चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी आनंद पुष्कर को 674 मतों से हराया है।

अफाक अहमद ने पश्चिम चंपारण के आमना उर्दू हाई स्कूल में 35 साल तक सेवा सेवा दिया, इसके बाद उन्होंने वीआरएस लिया था। सामाजिक और राजनीतिक जीवन में सक्रिय रहने वाले अफाक अहमद ने बिहार में प्रशांत किशोर के जन सुराज अभियान में शुरूआती दिनों से ही साथ हैं।

बता दें कि जन सुराज पदयात्रा पश्चिम चंपारण जिले से दो अक्तूबर को भितिहरवा गांधी आश्रम से शुरू हुई थी। पश्चिम चंपारण में जन सुराज यात्रा में अफाक अहमद ने हिस्सा लिया था। अफाक पश्चिम चंपारण से यात्रा में शामिल हुए और सारण तक यात्रा की। कहा जाता है कि इसी दौरान अफाक के विधान परिषद के चुनाव लड़ने की रणनीति तय की गई थी।



शपथ लेने के बाद अफाक को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करते विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर।

अफाक प्रशांत किशोर के उम्मीदों पर खड़े उतरे और पहली बार ही सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ के महागठबंधन समर्थित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी आनंद पुष्कर को हरा दियाओ। अफाक की जीत से कम्युनिस्ट पार्टी का इस सीट पर 35 साल से रहा कब्जा भी खत्म कर दिया है।

अपनी जीत के बाद अफाक ने मीडिया से बातचीत की। जिसमें उन्होंने कहा था कि वे बिहार में प्रशांत किशोर की जन सुराज अभियान के साथ शुरूआती दिनों से हैं। वे प्रशांत किशोर की सोच और दृष्टि के साथ बिहार की राजनीति में बदलाव करना चाहते हैं।

## बिहार में पंचायत उपचुनाव का ऐलान, आचार संहिता लागू

### नामांकन से काउंटिंग तक की डेट जारी

**AGENCY PATNA**

बिहार पंचायत उपचुनाव की तारीख की घोषणा हो गई है। पंचायत उपचुनाव के लिए 25 मई को वोटिंग होगी। इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी जिलों के निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिखा है। अधिसूचना के साथ ही संबंधित क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। बिहार भर में जिला परिषद सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, पंच के कुल 3522 पदों के लिए चुनाव कराए जाएंगे।

**27 मई को होगी काउंटिंग :** पंचायत उपचुनाव के लिए जारी शेड्यूल के अनुसार, 2 मई को सूचना का प्रकाशन होगा। नामांकन 3 मई से लेकर 9 मई तक लिया जाएगाक नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 10 से 12 मई तक होगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख 15 मई है। वहीं, मतदान की तिथि 25 मई है। सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कराये जाएंगे। मतगणना 27 मई को होगा। मतगणना प्रखंड मुख्यालय में संपन्न कराए जाएंगे।

**27 मई तक लागू रहेगी आचार संहिता :** राज्य निर्वाचन आयोग ने बताया है कि आज 26 तारीख से ही रिक्ति वाले निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। मतगणना की समाप्ति तक आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी। पंचायत उपचुनाव में ग्राम पंचायत के सदस्य, मुखिया, ग्राम कचहरी पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्यों के खाली पदों के लिए चुनाव होंगे।

**पटना जिले में 150 पदों के लिए होंगे चुनाव :** पटना जिले की बात करें तो मुखिया के पांच खाली पदों के लिए चुनाव होंगे, ग्राम पंचायत सदस्य के 11, ग्राम कचहरी पंच के 134 यानी कुल 150 पदों के लिए चुनाव होंगे। राज्य में 2021 के पंचायत आम चुनाव के बाद यह पहला उपचुनाव है। राज्य चुनाव आयोग द्वारा जहां पर उपचुनाव कराया जाना है, वहां के लिए वर्ष 2023 की भारत सरकार द्वारा जारी अंतिम मतदाता सूची के आधार पर मतदाता सूची तैयार की गई है।

## तीन बोतल शराब के चक्कर में उत्पाद विभाग की टीम पर हमला

### दारोगा से मारपीट; कर्मी की उंगली चबा डाली



**AGENCY CHAPRA**

बिहार में शराब की सूचना पर कार्रवाई करने पहुंच रही उत्पाद विभाग टीम पर लगातार हमला करने के मामले सामने आ रहे हैं। एक बार फिर छपरा के मांझी थाना क्षेत्र में शराब की टीम पर शराबियों ने हमला कर दिया। जिसमें एक कर्मी घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, उत्पाद विभाग की टीम जयाप्रभा सेतु पुल पर शराब पकड़ने के लिए गई थी। तभी शराबियों ने टीम पर हमला कर दिया। शराबियों के हमले में उत्पाद विभाग के कर्मी रवि कुमार घायल हो गए। जिन्हें छपरा के सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। सदर अस्पताल छपरा में इलाज के दौरान घायल कर्मी रवि कुमार ने बताया कि मंगलवार की रात में मांझी पुल पर प्रत्येक वाहन की जांच की जा रही थी। इसी दौरान यूपी की तरफ से एक अर्टिका कार पुल पर आई, जिसे मौके पर मौजूद उत्पाद विभाग के एसआई अशोक कुमार ने रोका। कार रूकने के बाद उसमें सवार 6 लोग बाहर निकले।

मौके पर मौजूद कर्मी स्कैनर से गाड़ी की जांच करने लगे। जिससे घबराए सभी लोगों ने अचानक उत्पाद विभाग के कर्मियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। शराबी दारोगा अशोक कुमार के साथ भी मारपीट करने लगे। इस दौरान कर्मी रवि कुमार बीच-बचाव करने पहुंचे तो एक शराबी ने दांत से उनका उंगली काट दिया।

**दो बीयर और एक अंग्रेजी शराब की बोतल बरामद :** घटना की सूचना मांझी पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद उत्पाद विभाग की टीम पर हमला करने वाले सभी आरोपियों को वाहन समेत पकड़ लिया गया। पकड़े गए वाहन से जांच के दौरान दो बीयर और एक अंग्रेजी शराब की बोतल बरामद की गई है।

## रक्सौल में तालाब से मिला बम से भरा झोला, मछुआरों की जाल में फंसकर निकला, 50 लाख की डकैती से जुड़े तार

**AGENCY RHAKSHOL**

पूर्वी चंपारण के रक्सौल थाना क्षेत्र के नोनियाडीह पंचायत के महदेवा गांव में भीषण डकैती के तीसरे दिन तालाब से बम मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया। बम तब मिला, जब मछली मारने के लिए मछुआरों ने जाल फेंका था। इस दौरान तालाब के अंदर उत्तरी भाग में मछुआरों के पैर और जाल में एक झोला फंस गया।

मछुआरों ने झोला निकालकर देखा तो दंग रह गए। झोले के अंदर काले रंग के डब्बे में करीब आठ से दस पीस बम रखे थे। बम को झोले में रख तालाब में फेंका गया था या उसे अपराधियों ने छुपाया था, यह जांच का विषय है। मछुआरों ने आनन-फानन में इसकी सूचना तालाब मालिक को दी।



**बम निरोधक दस्ता को दी गई सूचना :** सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ लग गई। लोगों ने रक्सौल पुलिस को भी सूचना दी। सूचना मिलते ही डीएसपी धीरेन्द्र कुमार, इंस्पेक्टर नीरज कुमार ने सदल घटनास्थल पर पहुंच स्थिति की जानकारी ली। डीएसपी श्री कुमार ने बताया कि बम निरोधक दस्ता को सूचना दी गई है। जांच के उपरांत पता चलेगा कि बम कितना शक्तिशाली हैं।

**रविवार की रात हुई भीषण डकैती :** बता दें कि तालाब से करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर ही डकैतों ने तीन दिन पहले आधी रात व्यवसायी के घर में घुसकर लाखों की संपत्ति लूट ली थी। तालाब के पास भारी मात्रा में नेपाली शराब और मिनरल वॉटर की खाली बोतलें भी पड़ी है। पुलिस को आशंका है कि अपराधियों द्वारा घटना को अंजाम देने से पूर्व उक्त स्थल पर शराब का सेवन और भोजन-पानी किया गया होगा।

### आनंद मोहन की रिहाई के विरोध में अब कांग्रेस भी उतरी

# ललन सिंह बोले-भाजपाइयों के पेट में क्यों दर्द उठ रहा

**AGENCY PATNA**

आनंद मोहन-बिहार में बाहुबली नेता और पूर्व सांसद आनंद मोहन की रिहाई सुर्खियों में है। उनकी रिहाई के फैसले को लेकर नीतीश सरकार सवालों के घेरे में हैं। एक तरफ भाजपा आनंद मोहन की रिहाई का खुलकर विरोध नहीं कर पा रही है। वहीं, कांग्रेस ने बिहार सरकार के इस फैसले का खुलकर विरोध किया है।

कांग्रेस नेता पीएल पुनिया ने कहा कि गोपालगंज के डीएम की हत्या करने वाले आनंद मोहन को सजा से पहले छोड़ने के लिए कानून के नियमों में संशोधन किया गया, जिससे वे जल्दी रिहा हो जाए। इससे देश में गलत संदेश जा रहा है। साथ ही उन्होंने सेंट्रल आइएएस एसोसिएशन की मांग को भी सही ठहराया। उन्होंने कहा कि इस फैसले को वापस लेना चाहिए। ये सही मांग है और बिहार सरकार को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

**बलि के बकरे बन गए थे आनंद मोहन-गिरिराज सिंह :** वहीं, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने आनंद मोहन की रिहाई का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि आनंद मोहन की रिहाई पर किसी को कोई आपत्ति नहीं है। वे तो बलि के बकरे बन गए थे।

**मांझी बोले-आनंद मोहन अच्छे आदमी :** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हम पार्टी के संरक्षक जीतनराम मांझी ने कहा कि आनंद मोहन अच्छे आदमी हैं। हम नहीं कह सकते हैं कि वे बुरे आदमी हैं। बिहार सरकार ने कानून में संशोधन कर आनंद मोहन को छुड़ाने का फैसला सोच-समझकर किया होगा, हम इस पर टिप्पणी नहीं करेंगे।

मांझी ने आगे कहा कि आनंद मोहन के छूटने से गरीबों का सर्वनाश होगा या गरीबों पर अत्याचार होगा, ऐसा हम नहीं मानते हैं। वे क्रिमिनल नहीं हैं।

**ललन सिंह का पलटवार-सुशासन में आम और खास में नहीं किया जाता अंतर :** भाजपा के आरोपों पर जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ऊर्फ ललन सिंह ने कहा कि पूर्व सांसद आनंद मोहन की रिहाई पर अब भाजपा खुलकर आई है। पहले वह यूपी की अपनी बी टीम से विरोध करवा रही थी। भाजपा को यह पता होना चाहिए कि नीतीश कुमार के सुशासन में आम व्यक्ति और खास व्यक्ति में कोई अंतर नही किया जाता है।

ललन सिंह ने आगे कहा कि आनंद मोहन ने पूरी सजा काट ली और जो छूट किसी भी सजायाफ्ता को मिलती है, वह छूट उन्हें नहीं मिल पा रही थी, क्योंकि खास लोगों के लिए नियम में प्रावधान किया हुआ था। उन्होंने सवाल किया कि अब भाजपाइयों के पेट में दर्द क्यों होने लगा है? उन्होंने कहा कि भाजपा का सिद्धांत ही है विरोधियों पर पालतू तोतों को लगाना, अपनों को बचाना और विरोधियों को फंसाना है।

### निखिल मंडल का शायराना अंदाज-छुपाना भी नहीं आता, बताना भी नहीं आता

इधर, भाजपा के आरोपों पर जेडीयू नेता निखिल मंडल ने भी शायराना अंदाज में निशाना साधा। निखिल मंडल ने टिवटर पर आनंद मोहन के साथ सुशील मोदी की तस्वीर शेयर की। जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा कि 'छुपाना भी नहीं आता, बताना भी नहीं आता...भाजपाई बड़े कन्फ्यूज्ड हैं..!!'



## BRIEF NEWS

### गया में दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत, किशोर चक्के में फंसा; रोड पर हंगामा



**THAKARI (GAYA) :** बिहार के गया जिले में बुधवार की दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक की ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई, वहीं एक किशोर समेत दो लोग गंभीर रुप से जख्मी हैं। हादसे को लेकर बताया गया कि टिकारी स्थित एक ईंट भट्ठा से ट्रैक्टर लाव ग्राम में ईंट उतार कर वापस टिकारी की तरफ लौट रहा था। लौटने के क्रम में पंचदेवता पुल के पहले ही ट्रैक्टर अचानक पलटी खाकर सड़क किनारे पलट गया। मिली जानकारी के अनुसार, घटना के वक्त ट्रैक्टर चालक के अलावा उसपर दो मजदूर भी सवार थे। ट्रैक्टर पलटने से चालक इंजन के नीचे चालक दब गया। वहीं, एक मजदूर चक्का के नीचे और दूसरा मजदूर सड़क किनारे गिर पड़ा। इंजन के नीचे चालक व चक्का में फंसे मजदूर को आसपास के लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद निकला गया। आनन-फानन में दोनों को अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चालक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायलों का इलाज किया जा रहा है। चालक की पहचान लाव ग्राम निवासी श्री दास के पुत्र बबलू दास के रूप में हुई। वहीं, चक्के में फंसने के कारण घायल की पहचान कुर्था के माणिकपुर के रहने वाले राजन मांझी के 12 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार के रूप में हुई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने बेलहड़िया पेट्रोल पंप के समीप शव को रख सड़क जाम कर दिया, जिसके परिचालन ठप हो गया। सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। घटना व जाम की सूचना पाकर टिकारी थाना की पुलिस जामस्थल पर पहुंची और आक्रोशितों को समझाने का प्रयास किया। काफी कोशिश के बाद लोगों ने सड़क से जाम हटाया, जिसके बाद आवागमन सामान्य हो सका।

### कुख्यात शराब माफिया विशाल कुमार गिरफ्तार

**BEGUSARAI :** बेगूसराय पुलिस ने जिले के टॉप-टेन शराब तस्करों की सूची में नंबर-दो पर शामिल कुख्यात शराब माफिया विशाल कुमार गिरफ्तार कर लिया है। विशाल पर 15 अपराधिक मामले दर्ज हैं। एसपी योगेन्द्र कुमार ने बुधवार की देर शाम बताया कि सूची में नंबर-एक पर शामिल विशाल के भाई कुणाल को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। आठ अप्रैल को सुबह करीब चार बजे गुप्त सूचना पर भारी मात्रा में शराब की खेप चक्की टोल बहियार से लाखो सहायक थाना क्षेत्र में बरामद किया गया था। मौके पर से शराब लदे पिकअप गाड़ी के चालक, कुख्यात शराब माफिया कुणाल कुमार को दो मोटरसाईकिल एवं पांच मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया गया था। जिसमें शराब माफिया विशाल कुमार पुलिस को चकमा देकर भाग गया था। एसपी ने बताया कि गठित टीम द्वारा शराब माफिया विशाल कुमार पर लगातार निगरानी रखी जा रही थी। देर रात गुप्त सूचना मिली कि शराब माफिया विशाल कुमार शराब की बड़ी खेप लाने के लिए निकला है। जिसे पुलिस टीम के द्वारा एनएच-31 के समीप से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार कुख्यात शराब माफिया एघु निवासी विशाल कुमार पर मुफस्सिल थाना एवं नगर थाना में 15 मामले दर्ज हैं। सदर डीएसपी अमित कुमार के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में यह सफलता मिली है। पीएमएलए के तहत अकूत संपत्ति जप्त किया जाएगा। इसके गैंग से जुड़े हुए लोगों के भी सूची पुलिस ने तैयार किया है। सभी को गिरफ्तार किया जाएगा।

### कचरा प्रबंधन में लापरवाही को लेकर मुखिया हो सकती है पदमुक्त

**BEGUSARAI :** ठोस एव तरल अपशिष्ट प्रबंधन लापरवाही बरतने के कारण बेगूसराय के एक मुखिया को पदमुक्त किया जाएगा। डीएम रोशन कुशवाहा ने आज कारगिल भवन में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा में अनुशंसा का आदेश दिया है। समीक्षा के दौरान दौरान डीएम ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) प्रखंडवार लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा की। जिसमें सभी संबंधित पदाधिकारियों को इस अभियान से संबंधित कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरी पारदर्शिता के साथ क्रियान्वित करने का निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि योजना क्रियान्वयन में विभागीय निदेशों एवं वित्तीय नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने 2022-2023 के ठोस एव तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए चयनित बखरी प्रखंड के मोहनपुर पंचायत को अक्टूबर 2022 में निर्धारित राशि उपलब्ध कराने के बाद भी अब तक कचड़ा प्रबंधन सामग्री का क्रय जेम पोर्टल के माध्यम से पूर्ण नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। जिसमें बीडीओ ने बताया कि जेम पोर्टल के माध्यम से एजेंसी से सामान आपूर्ति के लिए वर्क ऑर्डर संबंधित मुखिया द्वारा नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण मोहनपुर पंचायत में इस योजना का अपेक्षित क्रियान्वयन भी नहीं हो रहा है। बीडीओ से प्राप्त अद्यतन फीडबैक के आलोक में डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। इसके बाद डीएम ने मोहनपुर पंचायत के मुखिया मीरा देवी पर पंचायती राज अधिनियम-2005 की धारा 18 (5) के तहत कार्रवाई करते हुए पदमुक्त करने के लिए विभाग को अनुशंसित करने का निर्देश दिया है। बैठक में डीडीसी सुशांत कुमार, डीआरडीए निदेशक संजीत कुमार, एलएसबीए जिला समन्वयक विश्वजीत कुमार एवं जिला सलाहकार शशिकांत सिंह भी उपस्थित थे।

### भीषण विस्फोट का खुला राज, तीन गिरफ्तार

**NAVADA:** नवादा नगर के बड़ी दरगाह विस्फोट मामले में पुलिस ने मामले का उद्भेदन कर 3 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पटाखे के विस्फोट से मकान का हिस्सा ध्वस्त होने की बात कही है। नवादा के एसपी अमरीश राहुल ने बुधवार को नवादा नगर थाने में आयोजित एक प्रेस वार्ता में बताया कि उस मकान में मोहम्मद शमीम नामक व्यक्ति किरायेदार रहता था। जो टेंट शामियाना लगाने का काम करता था। वही अपने पत्नी के साथ मिलकर अवैध तरीके से पटाखा बनाने का भी काम करता था। एसपी ने कहा कि मुस्लिम रोड का गुड्डू नामक पटाखा व्यवसायी उसे वित्तीय सहायता करता था। जिससे वह पटाखे की सामग्री लाया करता था और बना हुआ पटाखा को गुड्डू ही बेचा करता था। इस मामले में पुलिस ने गुड्डू के साथ ही शमीम तथा उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम ने हल्के किस्म का विस्फोटक से विस्फोट बनाने की बात कही थी ।उसके रिपोर्ट से यह सही मालूम पड़ता है कि पटाखे के विस्फोट से ही मकान क्षतिग्रस्त हुआ। एसपी ने यह भी बताया कि सोमवार की रात 12:00 बजे के करीब विस्फोट हुआ था इसके बाद मकान में आग लग गई थी। फायर ब्रिगेड के दस्तों ने आकर आग पर काबू पाया ।तब से इस मामले की जांच चल रही थी। व्यापक जांच अभियान के बाद पुलिस ने इस घटना में शामिल 3 लोगों को गिरफ्तार कर मामले का पटाक्षेप कर दिया है।

### कपड़ा व्यवसायी से अपराधियों ने मांगी दो लाख रुपये की रंगदारी

**BHAGALPUR :** जिले के बबरगंज थाना क्षेत्र के मां तारा कॉलोनी स्थित कपड़ा व्यवसायी बबलू साह से बुधवार को अपराधियों ने दो लाख रुपया रंगदारी मांगी है। आज बबलू साह के दुकान पर आये तीन अपराधियों ने उनसे दो लाख रुपये की रंगदारी मांगी। नहीं देने पर जान से मारने की धमकी भी दी लेकिन दुकानदार बबलू साह के पास पैसे नहीं थे, तो उन्होंने घर से लाकर 5000 रुपया अपराधियों को दिए। अपराधियों ने दुकान से जाने के पहले बबलू को दो लाख रुपया जल्द देने की धमकी दी। साथ ही पैसा नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी।

## विपक्षी एका का कोरस

सोमवार को कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी और फिर लखनऊ में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से नीतीश कुमार की मुलाकात के बाद ममता व अखिलेश ने जो कुछ कहा, उसके गहरे निहितार्थ हैं। ममता ने जहां विपक्षी महागठबंधन की राह में किसी प्रकार से अहं के टकराव की आशंका को नकारा, तो वहीं सपा प्रमुख ने भी देशहित की दुहाई देते हुए विपक्षी एकता को जरूरी बताया। उधर तेलंगाना की सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने भी कांग्रेस की सदारत में किसी राष्ट्रीय गठजोड़ में शामिल होने को लेकर अपने रुख में नरमी के संकेत दिए हैं। हालांकि, अब तक वह एक गैर-भाजपा, गैर-कांग्रेसी तीसरे मोर्चे की वकालत करती रही है। बहरहाल, क्षेत्रीय दलों के इन बदले सुरों से इतना तो स्पष्ट लगता है कि किसी असरदायक तीसरे मोर्चे की संभावना क्षीण पड़ती जा रही है और यदि ऐसा हुआ, तो सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और राजग के लिए यह बहुत सुखद स्थिति नहीं होगी। जाहिर है, राजग नेतृत्व इसकी काट भी तैयार कर रहा होगा। अगले आम चुनाव में अब एक साल का वक्त भी नहीं बचा है और ऐसे में स्वाभाविक ही राजनीतिक गोलबंदी तेज होती जाएगी। खासकर 13 मई को कर्नाटक विधानसभा के चुनाव-परिणाम आने के बाद राजनीतिक पार्टियों का रुख अधिक स्पष्टता से सामने आएगा। लेकिन जिस गंभीरता से नीतीश कुमार विकल्प गढ़ने के अभ्यास में जुटे हैं, उन्हें कई कठिन सवालों से जवाब भी तैयार रखने होंगे। अभी तो वह नेतृत्व के सवाल को यह कहकर टाल रहे हैं कि वह इस रेस में नहीं हैं, मगर राजनीति में उलटबांसियों का भी अपना महत्व होता है। वह इस तर्क की आड़ ले सकते हैं कि साल 2004 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के मुकाबले यूपीए ने कोई चेहरा सामने नहीं किया था और अनेक दलों को समेटते हुए मनमोहन सिंह सरकार ने दस वर्षों तक देश का नेतृत्व किया। मगर इस तथ्य की अनदेखी भी नहीं की जा सकती कि डॉ सिंह लोकसभा में सबसे बड़े दल के नेता चुने गए थे और उनके पीछे उनकी पार्टी पूरी मजबूती से खड़ी रही थी। फिर पिछले एक दशक में व्यक्ति केंद्रित राजनीति की जड़ें जिस तरह से जमती गई हैं, क्या उसमें नेतृत्व के प्रश्न पर मतदाताओं को ऊहापोह में रखकर वांछित परिणाम पाया जा सकता है? विपक्षी पार्टियों को इसका माकूल जवाब ढूंढ़ना ही होगा। निस्संदेह, विपक्षी दलों के पास मुद्दों की कमी नहीं। महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती आर्थिक असमानता, सामाजिक न्याय जैसे कई मुद्दे हैं, जो सीधे जन-सरोकार से जुड़े हैं और मतदाताओं के एक बड़े. समूह में अपील भी रखते हैं, पर लगभग 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिलने और किसानों के खाते में नगदी हस्तांतरण का श्रेय लेने से प्रधानमंत्री मोदी को वे कैसे रोक पाएंगे? विपक्षी दलों के लिए इसका तोड़ ढूंढ़ना आसान नहीं होगा। ऐसे में, उनकी कोई एकता तभी मतदाताओं के लिए आश्वस्तकारी होगी, जब वे ठोस साझा कार्यक्रम और बेदाग-विश्वसनीय चेहरे के साथ उनके बीच जाएंगे।

## सही कदम

भारत सरकार ने आखिर सोमवार को सूडान में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए ऑपरेशन कावेरी शुरू कर दिया। हालांकि इस अफ्रीकी देश में सत्ता पर कब्जे के लिए दो परस्पर विरोधी सैन्य गुटों में हिंसा शुरू होने के बाद से ही भारत सरकार वहां भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयासों में लगी हुई थी। हालात इतने जटिल थे कि पर्याप्त ग्राउंड वर्क के बगैर इस तरह का अभियान शुरू नहीं किया जा सकता था। इसलिए जहां विदेश मंत्रालय सभी संबंधित पक्षों से बातचीत कर यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा था कि भारत सरकार के ऐसे किसी ऑपरेशन को नुकसान न पहुंचाया जाए, वहीं सूडान में फंसे भारतीयों से संपर्क कर उनके हालात की जानकारी लेते हुए उन्हें उचित सलाह भी दी जा रही थी। बहरहाल, ताजा सूचनाओं के मुताबिक करीब 500 भारतीय वहां के प्रमुख बंदरगाह पोर्ट सूडान पहुंच चुके हैं और कई अन्य पहुंचने वाले हैं। इन सबको वहां से निकालने की कवायद चल रही है। हालांकि सूडान में फंसे कुल भारतीयों की संख्या करीब 4000 बताई जा रही है। इसे देखते हुए 500 लोगों की संख्या बहुत कम है, लेकिन यह एक अच्छी शुरूआत जरूर कही जा सकती है। एक बार लोगों के सुरक्षित ढंग से पोर्ट सूडान पहुंचने और फिर वहां से उन्हें निकाले जाने की प्रक्रिया शुरू हो जाए तो फिर इसमें तेजी भी लाई जा सकती है। ध्यान रहे, संकट के ऐसे मौकों पर भारतीयों को सुरक्षित निकालने का भारत सरकार का पुराना रेकॉर्ड रहा है। पहले खाड़ी युद्ध (1990-91) के दौरान एयर इंडिया के विमानों के जरिए 1,60,000 लोग कुवैत से निकाले गए थे। हाल के वर्षों की बात करें तो यमन (2015), अफगानिस्तान (2021) और यूक्रेन (2022) के ऐसे अभियान भी खासे चर्चित रहे। बहरहाल, भारतीयों को सूडान से सुरक्षित निकालना समस्या का सिर्फ एक पहलू है। सूडान कई वजहों से हमारे लिए काफी अहमियत रखता है। वहां तेल क्षेत्र में भारत के महत्वपूर्ण आर्थिक हित हैं। वह भारत के लिए कच्चे तेल का प्रमुख सप्लायर भी है। ऐसे में अगर वहां जारी सत्ता संघर्ष जल्द काबू में नहीं आया तो यह देश लंबे समय की अस्थिरता में फंस सकता है, जिससे भारत की ऊर्जा सुरक्षा प्रभावित हो सकती है।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



दंतेवाड़ा में छत्तीसगढ़ पुलिस पर हुए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। हम हमले में शहीद हुए बहादुर जवानों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनके बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सल हमले में वीर जवानों के शहीद होने का दु:खद समाचार मिला। परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**




छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा में हुए नक्सली हमले में डीआरजी के 10 जवान और एक चालक के वीरगति प्राप्त होने का अत्यंत दु:खद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर दिवंगत वीर जवानों की आत्मा को शांति दें एवं शोकाकुल परिजनों को इस गहन दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ॐ शांति ॐ शांति।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# PRIME MINISTER की हर पहल से भारत हुआ सशक्त

**MY STORY**



पंडित अजॉय चक्रवर्ती

**भारत ने 'शून्य' और फिर संख्या प्रणाली का आविष्कार किया, जो इतिहास के सबसे महान नवोन्मेषों में से एक है। दशमलव प्रणाली, पाई का मान, बीजगणित, त्रिकोणमिति, कलन शास्त्र (केल्कुलस)और कई गणितीय अवधारणाओं का जन्म भारत में हुआ। प्राचीन भारत के ज्ञान के स्रोत अनंत हैं। उदाहरण के लिए, उनमें से कुछ के रूप में 18 विद्याओं को यहां उद्धृत किया जा सकता है- चार वेद, चार सहायक वेद (आयुर्वेद-चिकित्सा, धनुर्वेद-शस्त्र, गंधर्ववेद- संगीत और शिल्प-वास्तुकला), पुराण, न्याय, मीमांसा, धर्म शास्त्र और वेदांग, छह सहायक विज्ञान, स्वर-विज्ञान, व्याकरण, मीटर, खगोल विज्ञान, अनुष्ठान और दर्शन। आधुनिक विज्ञान शायद न्यूटन के समय से शुरू होता है। लेकिन पारंपरिक ज्ञान प्रणालियां दो मिलियन से अधिक वर्षों से मौजूद हैं, जब होमो हैबिलिस ने अपने उपकरण बनाना और प्रकृति के साथ बातचीत करना शुरू किया। इतिहास की शुरुआत के बाद से, अलग-अलग लोगों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी की विभिन्न शाखाओं में योगदान दिया है।**

सबसे पहले मैं विनम्र शब्दों में कहना चाहता हूं कि महान राजनेताओं की एक लंबी लिस्ट है, जो हमारे देश के प्रमुख के रूप में प्रधानमंत्री के पद पर आसीन हुए। लेकिन, ऐसा लगता है कि उनमें से किसी ने भी उस रूप में पद नहीं संभाला, जैसा नरेन्द्र मोदी ने संभाला है। उन्होंने विशेषकर जनसांख्यिकी, धर्म, भूगोल, इतिहास, शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, दर्शन, कला, संस्कृति आदि अलग-अलग क्षेत्रों और पहलुओं की पृष्ठभूमि में भारत को वैश्विक संदर्भ में सर्वश्रेष्ठ या अद्वितीय के रूप में प्रस्तुत किया है। भारतीय उपमहाद्वीप (अविभाजित भारत) अपनी भौतिक विशालता के लिए के साथ अपनी बौद्धिक और आध्यात्मिक उत्कृष्टता के लिए भी जाना जाता था। इसलिए, इससे पहले कि कोई आधुनिक भारत के नेता के रूप में मोदी की भूमिका के आयामों और कार्यप्रणाली का मूल्यांकन करे, तो एक मूलभूत विचार यह होना चाहिए कि भारत दुनिया के अन्य सभी देशों से क्यों और कहां अलग है।



भारत ने 'शून्य' और फिर संख्या प्रणाली का आविष्कार किया, जो इतिहास के सबसे महान नवोन्मेषों में से एक है। दशमलव प्रणाली, पाई का मान, बीजगणित, त्रिकोणमिति, कलन शास्त्र (केल्कुलस)और कई गणितीय अवधारणाओं का जन्म भारत में हुआ। प्राचीन भारत के ज्ञान के स्रोत अनंत हैं। उदाहरण के लिए, उनमें से कुछ के रूप में 18 विद्याओं को यहां उद्धृत किया जा सकता है-चार वेद, चार सहायक वेद (आयुर्वेद-चिकित्सा, धनुर्वेद-शस्त्र, गंधर्ववेद- संगीत और शिल्प- वास्तुकला), पुराण, न्याय, मीमांसा, धर्म शास्त्र और वेदांग, छह सहायक विज्ञान, स्वर-विज्ञान, व्याकरण, मीटर, खगोल विज्ञान, अनुष्ठान और दर्शन।

आधुनिक विज्ञान शायद न्यूटन के समय से शुरू होता है। लेकिन पारंपरिक ज्ञान प्रणालियां दो मिलियन से अधिक वर्षों से मौजूद हैं, जब होमो हैबिलिस ने अपने उपकरण बनाना और प्रकृति के साथ बातचीत करना शुरू किया। इतिहास की शुरूआत के बाद से, अलग-अलग लोगों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी की विभिन्न शाखाओं में योगदान दिया है। अकसर ऐसे तरीके से, जब बहुत लम्बी दूरी के कारण अलग रही संस्कृतियों में परस्पर संवाद-संपर्क स्थापित हुए। संवाद से जुड़ा यह प्रभाव और स्पष्ट होता जा रहा है, क्योंकि अत्यधिक लम्बी दूरी के बावजूद वैश्विक व्यापार और सांस्कृतिक प्रवासन को शोधकताओं द्वारा मान्यता दी जा रही है। वैसे भी, भारतीय सभ्यता में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की एक मजबूत परंपरा रही है। प्राचीन भारत में इसमें ऋषियों और संतों के साथ-साथ विद्वानों और वैज्ञानिकों की भूमि भी थी। अनुसंधान से पता चला है कि दुनिया में सबसे अच्छा स्टील बनाने से लेकर दुनिया को गिनती करना सिखाने तक, आधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना से सदियों पहले भारत ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सक्रिय रूप से योगदान दिया था। प्राचीन भारतीयों द्वारा खोजे गए कई सिद्धांतों और तकनीकों से आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के मूल सिद्धांतों की रचना हुई है और इन्हें मजबूती मिली है।

हालांकि, भारतीय उपमहाद्वीप के लोगों द्वारा किए गए विशाल और महत्वपूर्ण योगदान को नजरअंदाज किया गया है। ब्रिटिश उपनिवेशवादी इस तथ्य को कभी स्वीकार नहीं कर सके कि तीसरी सहस्त्राब्दी ईसा पूर्व में भी भारतीय अत्यधिक सभ्य थे, जब अंग्रेज अभी भी अपनी सभ्यता के विकास की प्रक्रिया में थे। उपरोक्त तथ्य, विशाल महासागर के बगल में केवल एक बूंद के समान है, जिन पर भारत को गर्व है। इसलिए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुद्धिमत्ता से उन सभी उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं, जिन्हें भारत ने लंबे समय से हासिल किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने 'मन की बात' के विभिन्न एपिसोड में लगातार बहुउद्देश्यीय मुद्दों और घटनाओं को उठाते रहे हैं। परिणामस्वरूप, भारत के अद्भुत कार्यों की उत्कृष्टता को पूरा विश्व जान चुका है और उनसे मंत्रमुग्ध हो गया है। मैं व्यक्तिगत रूप से भी बहुत प्रभावित हूं। प्रधानमंत्री विशेष रूप से तीन बातों पर जोर देते हैं। एक-सभी भारतीयों में एकता या एक होने की भावना जगाना, भले ही उनकी जाति और नस्ल या सामाजिक-आर्थिक स्थिति में कोई अन्य अंतर मौजूद हो। दूसरा- एक भारतीय होने पर गर्व की भावना पैदा करना; इसके लिए वो अपने प्यारे देशवासियों से उन बहादुरों के नाम याद रखने का आह्वान करते हैं, जिन्होंने विदेशी शासकों से आजादी पाने के लिए अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और यहां तक कि अपने प्राणों की आहुति भी दी। तीसरा- भारत के सभी नागरिकों में हमारे तिरंगे के प्रति प्रेम और विश्वास की भावना जगाना। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि प्रत्येक भारतीय नागरिक, स्कूलों और कॉलेजों के सभी छात्रों को सभी शैक्षणिक संस्थानों और यहां तक कि अपने घरों में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराना चाहिए। 'मन की बात' में 'हर घर तिरंगा' के आह्वान ने जन भागीदारी की भावना को जगाकर पूरे देश में इस अभियान को गति देने में मदद की।

प्रधानमंत्री ने 'मेक इन इंडिया' के नारे के तहत सभी भारतीय स्वदेशी प्रयासों के फलने-फूलने पर अत्यधिक महत्व दिया है। उदाहरणस्वरूप, आयुष (समग्र स्वास्थ्य के लिए पारंपरिक ज्ञान), राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन (भारत में मीठी क्रांति को बढ़ावा देना), भारतीय स्वदेशी खिलौने (आत्मनिर्भरता से जुड़ी सफलता की कहानी), आदि। मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस बात को स्वीकार करने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं कि पिंगली वेंकय्या भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के वास्तुकार हैं। 'आजादी का अमृत महोत्सव' के सिलसिले में अब पूरा देश इसके बारे में जानता है। वेंकय्याजी के पोते घंटशाल गोपीकृष्ण ने इसे अपने परिवार के लिए एक बड़ा सम्मान बताया है।

मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक और पहल से भी बहुत प्रभावित हैं। वह है 'आजादी की रेलगाड़ी और स्टेशन', जिसे रेल मंत्रालय के प्रतिष्ठित (आइकॉनिक) सप्ताह समारोह के दौरान लागू किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर के स्वतंत्रता आंदोलनों से जुड़े 75 स्टेशनों और 27 स्पॉटलाइट ट्रेनों को चिह्नित किया गया, जो पूरे सप्ताह जनता के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। सभी 75 स्टेशनों को सजाया गया और विभिन्न गतिविधियों, जैसे देशभक्ति गीतों का प्रसारण और कई अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भारत की विविध और जीवंत संस्कृति के महान प्रशंसक होने के नाते प्रधानमंत्री ने न केवल भारत के सामाजिक-आर्थिक विकास की अगुवाई की है, बल्कि उनके नेतृत्व में भारत ने एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण भी देखा है। 'मन की बात' एक ऐसा प्लेटफार्म साबित हुआ है, जहां हर नागरिक देश के इस सकारात्मक बदलाव से सीधे जुड़ सका। हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अगले 25 वर्षों को कर्तव्य काल के रूप में चिह्नित किया है, ताकि प्रत्येक देशवासी इस अवधि में इस महोत्सव को एक जन आंदोलन में बदल सके। कड़ी मेहनत से हासिल की गई भारत की आजादी के शताब्दी वर्ष मनाने के पीछे प्रधानमंत्री की यह धारणा है कि इस बहादुर और गौरवशाली भूमि पर आने वाली पीढ़ियां अपने चेहरे पर लम्बी मुस्कान के साथ आगे बढ़ सकें।

**(लेखक, पद्म भूषण से सम्मानित भारतीय शास्त्रीय गायक हैं।)**

# तारिक फतेह क्यों चुभते थे कठमुल्लों को

तारिक फतेह को उनके चाहने वाले एक बेखौफ लेखक के रूप में याद रखेंगे। वे सच का साथ देते रहे। वे भारत के परम मित्र थे। उन्हें इस बात का गर्व रहा कि उनके पूर्वज हिंदू राजपूत थे। वे बार-बार कहते और लिखते थे कि भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के तमाम मुसलमानों के पुरखे हिंदू ही थे और उन्हें जबरदस्ती मुसलमान बनाया गय । उनकी इस तरह की साफगोई कठमुल्लों को नागवार गुजरती थी। तारिक फतेह हिंदी पट्टी के मुसलमानों के दिल में चुभते हैं। उनकी तारीफ यह थी कि वह डंके की चोट पर अपने पूर्वजों को हिंदू बताते रहे। बहुत कम मुसलमान यह हिम्मत दिखा पाते हैं। वह मुस्लिम सांप्रदायिकता पर लगातार चोट करते रहे।

तारिक फतेह पहली बार 2013 में भारत दौरे पर आए थे। तब उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था- 'पाकिस्तान को तो अब भूल जाइए। इसको एक न एक दिन कई टुकड़ों में टूटना ही है। वो दिन भी दूर नहीं जब बलूचिस्तान और सिंध उससे अलग हो जाएगा। पाकिस्तान की सेना एक औद्योगिक माफिया है जिसका अपने देश के अनाज, ट्रकों, मिसाइलों से ले कर बैंकों तक पर नियंत्रण हैं।' यह सुनकर पाकिस्तान के हुक्मरान तिलमिला गए थे। तारिक फतेह मानते थे कि भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जहां मुसलमान बिना डरे स्वतंत्रतापूर्वक काम करते हैं। तारिक फतेह से जितने लोग मुहब्बत करने वाले हैं उससे बहुत ही कम नफरत करने वाले हैं। वे कभी इस्लाम की आलोचना नहीं करते थे, बल्कि इस्लाम के नाम पर झूठे गौरव और पाखंड की बखिया उधेड़ देते थे। अच्छा से अच्छा मौलवी उनके छोटे से चुभते हुए तर्क से तिलमिला कर रह जाता था। एक बार एक मौलवी साहब औरंगजेब की बहुत तारीफ कर रहे थे और उसे सच्चा और अनुकरणीय मुसलमान साबित कर रहे थे । तारिक फतेह ने उससे सिर्फ एक सवाल किया कि अगर औरंगजेब एक सच्चा मुसलमान था तो क्या उसने हज की थी ? मौलवी साहब बगलें झांकते नजर आने लगे और उनकी सारी पिछली तारीफों पर फतेह साहब के एक सवाल ने पानी फेर दिया। किसी मुसलमान पर हज उतना ही बड़ा फर्ज है जितने कि नमाज, रोजा और जकात । इनमें से कोई एक-दूसरे की भरपाई नहीं कर सकता । चारों ही अलग अलग फर्ज हैं। कोई भी मुस्लिम जब बालिग हो जाए और हज करने के लायक स्वास्थ्य और आमदनी हो तो हज तुरन्त फर्ज हो जाती है। अल्लाह ने औरंगजेब को 96 साल की लम्बी उम्र दी। बचपन से बुढ़ापे तक तंदुरुस्त रखा । पहले शाहजादा फिर बादशाह बनाया । हज में दुनियावी मसायल की वजह से कोई माफी नहीं है । अगर सामर्थ्यवान होते हुए भी 96 साल की उम्र तक औरंगजेब हज नहीं करता तो या तो उसका हज के फर्ज होने पर ईमान नहीं है या उसे ईश्वर पर भरोसा नहीं है कि वह हज करने गया तो वापस उसकी गद्दी उसे मिलेगी या नहीं । उसका पंजवक्ता नमाजी होना और टोपियां सिल कर रोजी कमाना सब बेकार गया। हज को महत्व न देना और उसको टालना दोनों ही गुनाहे कबीरा यानी घोर पाप हैं। देश में सीएए-एनआरसी के मुद्दे पर हुए दंगो के बाद तारिक फतेह ने कहा था- 'हर वह व्यक्ति हिंदू है, जो हिंदुस्तान के इतिहास और परंपरा की मिल्कियत रखता है।' मुस्लिम समुदाय में तारिक फतेह जैसा बोल्ड और जीनियस लेखक या विचारक मिलना मुश्किल है। इस्लाम की कट्टरता के विरुद्ध बिगुल फूंकने वाला, पाकिस्तान के आतंकवाद-प्रेम पर मुखर होकर निरंतर प्रहार करने वाला कोई दूसरा मुस्लिम लेखक या विचारक मिलना मुश्किल है। इस्लाम सहित तमाम मुद्दों पर मुखर रूप से बोलने वाले तारिक फतेह टीवी डिबेट में अक्सर खुद को हिंदुस्तानी बताते थे और हमेशा सिंध और हिंद का कनेक्शन जोड़ते थे। तारिक फतेह पाकिस्तान के विचार को खारिज करते थे। वे मानते थे कि देश का बंटवारा नहीं होना चाहिए था। दुर्भाग्य यह है कि उनकी मौत का कुछ कथित प्रगतिशील और कठमुल्ले जश्न मना रहे हैं। अगर आपको यकीन न हो तो सोशल मीडिया पर चले जाइये। वहां पर आपको तारिक फतेह को लेकर तमाम तरह की ओछी टिप्पणियां पढ़ने को मिलेंगी। तारिक फतेह धार्मिक अतिवाद के खिलाफ बोलने और एक उदारवादी इस्लाम के पक्ष को बढ़ावा देने के लिये प्रसिद्ध थे। उन्होंने 'यहूदी मेरे दुश्मन नहीं हैं' नाम से एक पुस्तक भी लिखी। पाकिस्तान में बलूचों के आंदोलनों के समर्थक भी रहे। बलूचिस्तान में मानवाधिकारों के हनन और पाकिस्तान द्वारा बलूचों पर की जा रही ज्यादतियों के विषय पर भी बोलते और लिखते रहे। तारिक फतेह मुस्लिम इतिहास के भी प्रकांड विद्वान थे, जिस कारण तर्कों और तथ्यों में उन्हें पराजित करना किसी के लिये नामुमकिन था। तारिक फतेह कोरानाकाल से पहले मेरे राजधानी के हुमायूं रोड के सरकारी आवास में भी कई बार पधारे। उनसे कई अहम मसलों पर चर्चा हुई। वे बहुत बुद्धिमान व्यक्ति थे। वे पाकिस्तान के शहर कराची में जन्मे थे और 1987 से कनाडा में रहने लगे। ह्ृतारिक फतेह आपह्व वाकई पंजाब के शेर और हिंदुस्तान के बेटे थे, जैसा कि आपकी बिटिया नताशा ने कहा है। तारिक फतेह ने एक बार मुझसे जानना चाहा कि क्या सच है कि बहरत के संविधान की मूल प्रति पर ह्लहड़प्पा और मोहन जोदड़ोंह्व के चित्र हैं। मैंने कहा कि मेरे पास संविधान की मूल प्रति है। आपको नन्द लाल बसु की ह्लहड़प्पा और मोहन जोदड़ोह्व की पेंटिंग दिखाता हूं क मैंने जब उन्हें संविधान की मूल प्रति दिखाई तो वे भावुक हो उठे और उनकी आंखों से आंसू निकल पड़े। तारिक फतेह किसी टीवी के कार्यक्रम में सिंध का इतिहास, पंजाब का इतिहास, पाकिस्तान के वजूद और यूपी के मुसलमानों की बात अवश्य करते थे। वे बार-बार कहते थे कि पाकिस्तान के पंजाबियों पर उर्दू भारत से पाकिस्तान गए मुसलमानों ने थोपी।

# राहत के बरक्स

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने अपने ताजा आंकडो में जो जानकारी दी है, उसके मुताबिक इस साल अब तक अलग-अलग वजहों से छप्पन बाघों की जान जा चुकी है। हाल ही में जब बाघों की संख्या में अच्छी-खासी बढ़ोतरी की खबर आई थी, तब इसे राहत की तरह देखा गया, क्योंकि इस संरक्षित पशु को बचाने के लिए पिछले कई दशक से व्यापक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। लेकिन अब बाघों की मौत की लगातार घटनाओं ने एक नई चिंता पैदा कर दी है कि आखिर रखरखाव और संरक्षण के किन मोर्चों पर चल रही योजनाओं में सुधार की जरूरत है।

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने अपने ताजा आंकडो में जो जानकारी दी है, उसके मुताबिक इस साल अब तक अलग-अलग वजहों से छप्पन बाघों की जान जा चुकी है। अकेले अप्रैल में आठ बाघों की मौत हो गई। इनमें ज्यादा संख्या मादा बाघों की है। हालांकि बाघों के जीवन में आने वाले उतार-चढ़ाव पर नजर रखने वालों का मानना है कि आमतौर पर जनवरी से लेकर मार्च महीने के बीच इस पशु की मौतों की ज्यादा संख्या दर्ज की जाती है। लेकिन जब करीब दो महीने पहले इस तरह की खबरें आई थीं तब यह सवाल उठाया गया था कि क्या इस संरक्षित पशु के जीवन को बचाने के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों को लेकर उत्साह में कमी आ रही है!

बाघों को बचाने के लिए चलाई जा रही विशेष परियोजना और उसके तहत अक्सर जैसी सक्रियता देखी जाती रही है, उसमें यह उम्मीद स्वाभाविक है कि इस पशु को विलुप्ति के खतरे की जद से दूर रखा जा सकेगा। यही वजह है कि कुछ समय पहले बीते चार साल में बाघों की गिनती में दो सौ की बढ़ोतरी का आंकड़ा आया, तो इसे संरक्षण के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों की कामयाबी के तौर पर देखा गया।

लेकिन अगर इस आंकड़े के बरक्स बाघों के मरने की खबरें भी समांतर आ रही हों तो उसे कैसे देखा जाएगा? तादाद में बढ़ोतरी के मुकाबले अगर बाघों की मौतों को नहीं थामा जा सका तो संख्या में संतुलन का सुरक्षित अनुपात कैसे कायम किया जा सकेगा? निश्चित रूप से एक संरक्षित पशु के रूप में बाघों को बचाने के लिए बाकायदा संगठित रूप से अभियान चलाए गए, अभयारण्यों को सुरक्षित बनाने और इनके जीवन के लिए जरूरी आबोहवा उपलब्ध कराने को लेकर लिए व्यापक कार्यक्रम भी अमल में लाए गए। मगर यह समझना मुश्किल है कि बचाने की तमाम महत्त्वाकांक्षी योजनाओं के अमल में अक्सर सक्रियता दिखने के बावजूद बाघों के जीवन पर यह कैसा खतरा मंडरा रहा है!

दरअसल, इंसानी आबादी के साथ-साथ रिहाइशी इलाकों के विस्तार के बीच जैसी चुनौतियां खड़ी हो रही हैं, उसमें एक गंभीर असर वन्यजीवों के सामान्य जीवन पर भी पड़ रहा है। कहीं जंगल में रहने वाले पशुओं के पयार्वास का क्षेत्र सिकुड़ रहे हैं तो कहीं मनुष्य और पशुओं के बीच टकराव की स्थितियां बन रही हैं। आए दिन ऐसी खबरें आती रहती हैं कि बाघ या इसी वर्ग के किसी पशु ने इंसान पर हमला कर दिया।

इसकी वजह जितनी जानवरों के भीतर उपजी आक्रामकता है, उससे ज्यादा उनके सामान्य जीवन में खड़ी हो रही बाधाएं कई बार संकट की जड़ बन रही हैं। इसके बावजूद बाघ संरक्षण की परियोजना पर हुए काम का ही यह हासिल रहा कि बाघों की गिनती में बढ़ोतरी दर्ज की गई। लेकिन अब अगर इसके समांतर बाघों की मौतों की रफ्तार भी इस कदर तेज है तो यह बेशक चिंता की बात है। ऐसे में न सिर्फ बाघों के प्राकृतिक जीवन-क्षेत्र को पूरी तरह सहज और सुरक्षित बनाए जाने की जरूरत है, बल्कि उनके खानपान, रहन-सहन, पर्यावरण आदि को लेकर भी हर स्तर पर सजगता बरतनी पड़ेगी।

## I WANT TO SAY...



नशे की गिरफ्त में युवा वर्ग का आना निस्संदेह चिंतनीय विषय है। इसके पीछे एक सोची-समझी चाल और संगठित गिरोह की हरकत नजर आती है। दरअसल, अफीम, हेरोइन सहित अन्य प्रतिबंधित पदार्थों का कारोबार एक समानांतर अर्थव्यवस्था की शक्ल ले रहा है। इस अवैध और अनैतिक कारोबार से जुड़े लोगों के निशाने पर युवा वर्ग रहता है। धंधे से जुड़े लोग युवाओं को अपनी जाल में फांस कर उन्हें लती बनाते हैं। शुरू-शुरू में तो सबकुछ चलता रहता है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब युवा नशे के आदी हो जाते हैं। वे इन धंधेबाजों के चंगुल में फंसा महसूस करते हैं लेकिन तबतक देर हो चुकी होती है। हालांकि इतनी भी देर नहीं होती कि वापस मुख्य धारा में नहीं लौटा जा सके। यह अलग बात है कि लत लगने के बाद काफी कम संख्या ऐसे लोगों की होती है जिनकी यह लत छूट सके। नशा चीज ही ऐसी है। नशेड़ी अपना स्वास्थ्य खराब तो करते ही हैं, सबसे ज्यादा चिंतित, प्रभावित उनके माता-पिता होते हैं। शुरू में अपनी कोशिशों के बाद नशा मुक्ति केंद्र का सहारा लिया जाता है। इसमें खर्च भी होता है। हालांकि कुछ स्वयंसेवी संस्थाएं भी इसमें अच्छा काम कर रही हैं। बड़ा और गंभीर सवाल यह है कि इससे देश को एक ऊजार्वान नागरिक का नुकसान हो रहा है। इसलिए जरूरत इस समस्या के जड़ पर प्रहार करने की है। जबतक इसे जड़ से खत्म नहीं किया जाएगा तबतक सुधार की उम्मीद नहीं की जा सकती। इसमें युवा वर्ग की सहभागिता काफी मायने रखती है। इस संबंध में राजधानी की यूनिवर्सिटी पालीटेक्निक बीआइटी मेसरा ने अच्छी पहल की है। यूनिवर्सिटी पालिटेक्निक बीआइटी मेसरा रांची में संस्थान के निदेशक डा. विनय शर्मा की पहल पर परिसर को नशा मुक्त घोषित किया गया है। इस अवसर पर एनएसएस छात्रों के द्वारा पास के पंचोली गांव एवं विश्वविद्यालय परिसर में नशा मुक्त भारत के ऊपर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। साथ ही ग्रामीणों तथा विद्यार्थियों को नशे से संबंधित दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया। इस तरह की पहल अन्य शैक्षिक संस्थानों को भी करनी चाहिए। साथ ही सतत निगरानी भी करनी चाहिए।

**एमएम राही, पत्रकार।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# आईपीएल में आज सीएसके ओर राजस्थान में होगा रोमांचक मुकाबला

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** जयपुर (ईएमएस)। राजस्थान रॉयल्स की टीम गुरुवार को अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। इस मैच में वह पिछले दो मैचों की हार से उबरकर जीत के साथ ही वापसी करना चाहेगी। इस दौरान उसे घरेलू मैदान का भी लाभ मिलेगा। हालांकि यह इतना आसान नहीं है क्योंकि कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की टीम को पिछले मैचों में लगातार जीत मिली है जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। सीएसके इस मैच में जीत के लिए पूरी ताकत लगा देगी क्योंकि इसमें जीत से उसके पास प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं रहेंगी। सीएसके के पास रुतुराज गायकवाड़, डेवोन कॉनवे, अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं जिन्हें रोकना राजस्थान के बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं रहेगा। ऐसे में इस मैच में सीएसके ओर राजस्थान के शीर्ष विश्वस्तरीय स्पिनरों के बीच घमासान होना तय है। सीएसके की ओर से खेल रहे अजिंक्य रहाणे इस बार तूफानी अंदाज में दिखे हैं उनपर भी अंकुश लगाना राजस्थान के स्पिनरों के लिए आसान नहीं रहेगा।

वहीं कॉनवे ने अभी तक सात मैचों में 314 रन बनाए हैं जबकि रहाणे ने पांच मैचों में 209 रन बनाये हैं। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ केवल 29 गेंदों पर नाबाद 71 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलायी थी। उनका स्ट्राइक रेट 199.04 रहा है। रॉयल्स ने इस सत्र में सीएसके के खिलाफ पिछला मैच जीता था जिसका मनोवैज्ञानिक लाभ उसे मिलेगा हालांकि उस मैच में भी धोनी ने शानदार प्रदर्शन कर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया था।

दूसरी ओर कप्तान संजू सैमसन भी अपनी टीम राजस्थान को जीत दिलाने के लिए पूरी ताकत लगा देंगे। उनका लक्ष्य सभी खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना रहेगा। यदि राजस्थान की टीम को जीत दर्ज करनी है तो उसके बल्लेबाजों जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन को जमकर रन बनाने होंगे। इस मैदान पर स्पिनरों को सहायता मिल सकती है। ऐसे में राजस्थान को अनुभवी स्पिनर आर अश्विन और युजवेंद्र चहल के होने का लाभ मिल सकता है। इस मैच में दोनों ही टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला होना तय है।



## दोनो ही टीमें टीम इस प्रकार हैं

**चेन्नई सुपर किंग्स:** महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान और विकेटकीपर), डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़, अंबाती रायडू, मोइन अली, बेन स्टोक्स, रवींद्र जडेजा, अजिंक्य रहाणे, सिसंडा मगाला, शिवम दुबे, ड्वेन प्रिटोरियस, अहय मंडल, निशांत सिंधु, राजवर्धन हैंगरगेकर, मिचेल सेंटनर, सुभांशु सेनापति, सिमरजीत सिंह, मथीसा पथिराना, महेश तीक्ष्णा , भगत वर्मा, प्रशांत सोलंकी, शेख रशीद, तुषार देशपांडे।

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), अब्दुल बसिथ, मुरुगन अश्विन, रविचंद्रन अश्विन, केएम आसिफ, ट्रेंट बोल्ट, जोस बटलर, केसी करियप्पा, युजवेंद्र चहल, डोनोवन फरेरा, शिमरोन हेटमेयर, जेसन होल्डर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, ओबेड मैककॉय , देवदत्त पडिक्कल, रियान पराग, कुणाल सिंह राठौर, जो रूट, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आकाश वशिष्ठ, कुलदीप यादव, एडम जम्पा।

# हार्दिक पांड्या पिछले खिताब को फिर दोहराने की कोशिश में जुटे, विशेषज्ञों ने की तारीफ

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पिछले खिताब को फिर दोहराने की कोशिश में जुटे हुए हैं। हालांकि कल हुए मैच को जीतने के बाद जियो सिनेमा आईपीएल विशेषज्ञ आकाश चोपड़ा ने हार्दिक पांड्या की कप्तानी की जमकर प्रशंसा की है। गौरतलब है कि गुजरात टाइटंस ने 25 अप्रैल को नरेंद्र मोदी इंटरनेशनल स्टेडियम, अहमदाबाद में खेलते हुए आईपीएल 2023 में मुंबई इंडियंस पर 55 रन की जोरदार जीत हासिल की। टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी की और कुल 207 रन बनाए। शुभमन गिल (34 रन पर 56) और डेविड मिलर (22 रन पर 46) और अभिनव मनोहर (21 रन पर 42 रन) का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इधर अफगान स्पिन राशिद खान और नूर अहमद ने मिलकर मुंबई के पांच विकेट लिए। इस जीत के साथ, गुजरात ने टीम स्टैंडिंग में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है, जो केवल नेट रन रेट में चेन्नई से पीछे है, दोनों टीमों के 10 अंक हैं। हार्दिक पांड्या ने पिछले सीजन में टाइटंस के साथ पहली बार कप्तान के रूप में आईपीएल खिताब जीता और अब उसी चीज को दोहराते दिख रहे हैं।



इस पर विशेषज्ञ आकाश चोपड़ा ने कहा कि लक्ष्य को बचाने की स्थिति से मैच जीतना कठिन है, हमने इसे आईपीएल में देखा है। हार्दिक कप्तानी के बारे में बात बहुत खास है। खेल की शुरुआत तेज गेंदबाजों द्वारा गेंद की गति के कारण अनुशासन के साथ हुई। इसके तुरंत बाद, स्पिनरों को सही समय पर पेश किया गया।

इसके अलावा उन्होंने मोहित शर्मा का भी जिक्र किया, जिन्होंने 2 विकेट लिए। डेथ ओवरों में पांड्या उन्हें गेंद थमा रहे हैं। चोपड़ा ने कहा कि मोहित अच्छा नहीं खेल रहा था, फिर भी उसने उसे अंतिम ओवर फेंकने और महत्वपूर्ण विकेट लेने का काम किया। एक कप्तान के रूप में पांड्या उसे गेंद नहीं भी थमा सकते थे क्योंकि वो रन लुटा रहे थे, लेकिन उसने आत्मविश्वास को बनाए रखने के लिए मोहित के दिन को बुरे से अच्छे दिन में बदल दिया। मुझे लगता है कि एक कप्तान के रूप में हार्दिक पांड्या बढ़ रहे हैं और परिपक्व हो रहे हैं।

# नीरज चोपड़ा जल्द आएंगे मैदान पर नजर, डायमंड लीग के बाद एथलेटिक्स मीट का बनेंगे हिस्सा

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** टोक्यो ओलंपिक खेल में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा अब फिर से मैदान पर उतरने को तैयार है। वो जून में चेक गणराज्य में होने वाली गोल्डन स्पाइक ओस्टावा एथलेटिक्स मीट में हिस्सा लेंगे। इस एथलेटिक्स मीट का आयोजन 27 जून को चेक गणराज्य में किया जाएगा।

नीरज चोपड़ा के अलावा ओस्ट्रावा मीट में इथियोपिया के लेमेचा मिरमा, 3000 मीटर स्पीपलचेज में टोक्यो 2020 में ओलंपिक रजत पदक विजेता, 100 मीटर हर्डल रेस में विश्व रिकॉर्ड धारक नाइजीरिया के टोबी अमूसन और विश्व रिकॉर्ड धारक पोल वॉल्टर आमर्ड डुप्लांटिस जैसे खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इन दिग्गज खिलाड़ियों के होने के कारण ये एथलेटिक्स मीट काफी अहम मानी जा रही है।

बता दें कि नीरज चोपड़ा ने इस बार किसी भी ट्रैक-फिल्ड प्रोग्राम में हिस्सा नहीं लिया है। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंड खेलों के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा जल्द ही मैदान उतरेंगे। इस सीजन की शुरुआत वो 5 मई को दोहा डायमंड लीग से करने वाले है।

खास बात है कि डायमंड लीग के वर्तमान चैंपियन भी नीरज चोपड़ा ही है। इससे पहले जब वर्ष 2022 के सितंबर महीने में लीग का आयोजन ज्यूरिख में हुआ था तब उन्होंने इस लीग में जीत हासिल की थी। ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट है। इस लीग में जीत के बाद से ही नीरज चोपड़ा किसी अन्य इवेंट में हिस्सा लेने नहीं उतरे है।

# आईसीसी टी20 रैंकिंग में सूर्यकुमार यादव का कब्जा बरकरार, मगर खतरे में पड़ती दिख रही पोजिशन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक तरफ देशभर में इंडियन प्रीमियर लीग का जोश देखने को मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर आईसीसी ने भी टी20 क्रिकेट समेत सभी फॉर्मेट की नई रैंकिंग भी जारी कर दी है। इस रैंकिंग के बाद काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। नई रैंकिंग जारी होने के बाद भारतीय फैंस को राहत मिली है। एक तरफ नई रैंकिंग जारी होने के बाद न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन और पाकिस्तान के इफ्तिखार अहमद पांच मैचों की श्रृंखला खत्म होने के बाद आईसीसी टी20 पुरूषों की रैंकिंग में कैरियर की सर्वोच्च पायदान पर पहुंच गए है। वहीं लंबे समय से टी20 क्रिकेट में शीर्ष पायदान पर कब्जा जमाकर बैठे मिस्टर 360 डिग्री के नाम से फेमस सूर्यकुमार यादव टी20 रैंकिंग में अब भी शीर्ष स्थान पर बने हुए है।

हालांकि लंबे समय से सूर्य कुमार यादव कोई खास कमाल मैच में नहीं कर सके है। ऐसे में सूर्यकुमार यादव की ये कुर्सी काफी खतरे में पड़ गई है। सूर्यकुमार यादव रैंकिंग में शीर्ष पर हैं और शीर्ष दस में अकेले भारतीय हैं। मगर अब पहले और दूसरे नंबर के बल्लेबाज के बीच फासला काफी कम हो गया है। सूर्य कुमार यादव को आने वाले दिनों में कोई नया टी20 मुकाबला नहीं खेलना है। ऐसे में उनकी कुर्सी खतरे में पड़ती दिख रही है। श्रृंखला में सर्वाधिक 290 रन बनाने वाले चैपमैन ने 48 पायदान की छलांग लगाकर 35वें स्थान पर कब्जा किया। इससे पहले वह फरवरी 2018 में 54वें स्थान पर पहुंचे थे। वहीं आखिरी मैच में 36 रन बनाने वाले इफ्तिखार छह पायदान चढकर 38वें स्थान पर पहुंच गए हैं। मोहम्मद रिजवान दूसरे और बाबर आजम तीसरे स्थान पर हैं। इफ्तिखार इससे पहले पिछले साल नवंबर में 43वें स्थान पर पहुंचे थे। न्यूजीलैंड के चाड बोवेस 82 पायदान चढकर 118वें स्थान पर हैं जबकि ईश सोढी गेंदबाजी में 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के हरफनमौला इमाद वसीम बल्लेबाजों की रैंकिंग में 15 पायदान चढकर 127वें स्थान पर हैं जबकि गेंदबाजों की रैंकिंग में 120 पायदान ऊपर 93वें स्थान पर पहुंच गए हैं। हरफनमौलाओं की रैंकिंग में वह 44 पायदान चढकर 24वें स्थान पर हैं।

## सूर्यकुमार यादव शीर्ष पर

आंकड़ों के अनुसार सूर्य कुमार यादव 906 रेटिंग के साथ शीर्ष स्थान पर बने हुए है। वहीं दूसरे नंबर पर मोहम्मद रिजवान आ गए हैं जिनके पास 811 रेटिंग है। ऐसे में दोनों खिलाड़ियों के बीच अब 100 अंकों का फासला भी नहीं बचा है। वहीं तीसरे स्थान पर पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम का कब्जा है जिनके 756 अंक है।

## टी20 रैंकिंग में राशिद का जादू

गेंदबाजों की रैंकिंग में अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान ने 710 की रेटिंग के साथ शीर्ष पर कब्जा जमाया हुआ है। उनके बाद फजल हक फारुखी 692 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं तीसरे स्थान पर जोश हेजलवुड है। खास बात है कि टी20 रैंकिंग में शीर्ष 10 में किसी भारतीय खिलाड़ी को जगह नहीं मिली है। हालांकि ऑलराउंडर की लिस्ट में शीर्ष पर शाकिब अल हसन का कब्जा है वहीं दूसरे स्थान पर हार्दिक पांड्या का नंबर है।


# राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री : सावंत

पणजी । गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा है कि इसी साल अक्टूबर में उनके यहां होने वाले राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। सावंत ने इन खेलों की तैयारियों को लेकर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा के साथ हुई एक बैठक के बाद ये बात कही। इस बैठक में गोवा के खेल मंत्री गोविंद गौड़े ने शामिल हुए।

सावंत ने कहा,'' राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन समारोह 23 या 24 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। यह प्रधानमंत्री के कार्यक्रम पर आधारित रहेगा।।'' उन्होंने साथ ही कहा कि ये खेल 10 नवंबर तक आयोजित किए जाएंगे। इन खेलों का उद्घाटन समारोह दक्षिण गोवा के फतोर्डा में स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। वहीं आईओए प्रमुख उषा ने कहा कि गोवा राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए तैयार है। वहीं खेल मंत्री गोविंद ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के लिए कुल 38 खेलों की पहचान की गई है तथा सभी मैच स्थल तैयार हैं।

# रोहित डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए आईपीएल से ब्रेक लें : गावस्कर

मुम्बई । महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मिली हार के बाद कहा कि मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा को अभी खेल से ब्रेक लेकर आराम करना चाहिये। गावस-?कर के अनुसार रोहित को अब जून में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए तरोताजा होकर तैयारियां करनी चाहिये। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताबी मुकाबला लंदन के द ओवल में 7 जून से खेला जाएगा। वहीं आईपीएल 28 मई को समाप्त होगा। ऐसे में भारतीय खिलाड़ियों के पास डब्ल्यूटीसी फाइनल की तैयारी करने का ज्यादा समय नहीं बचेगा। गावस्कर ने गुजरात के खिलाफ मैच के बाद कहा कि अब रोहित को कुछ आराम करना चाहिए जिससे वह तरोताजा होकर डब्ल्यूटीसी फाइनल में उतर सकें। साथ ही कहा कि ब्रेक के बाद वह आईपीएल के अंतिम मैचों में भी खेल सकते हैं पर इस दौरान वह अपनी फिटने का ध्यान रखें। अभी उनके दिमाग में डब्ल्यूटीसी फाइनल भी चल रहा होगा। ऐसे में मेरा मानना है कि उन्हें कुछ समय आराम की जरुरत है। वहीं गावस्कर ने मुंबई इंडियंस के गेंदबाजों को जमकर फटकारा और कहा कि वे एक ही गलती दोहरा रहे हैं, उन्हें टीम से बाहर कर देना चाहिए क्योंकि अभी इन्हें अधिक मेहनत की जरुरत है। ये लोग आराम के बाद अपना प्रदर्शन सुधारकर ही वापसी करें। गावस्कर ने कहा, अब कोई चमत्कार ही मुंबई इंडियंस को इस सत्र के प्लेऑफ में पहुंचा सकता है। उन्हें अंतिम- चार में पहुंचने के लिए आसाधारण प्रदर्शन करना होगा।



# यह शर्मनाक है कि खिलाड़ियों को इंसाफ के लिए सड़क पर उतरना पड़ रहा है : सत्यपाल मलिक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने बुधवार को कहा कि यह शर्मनाक है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कामयाबी पाने के लिये सम्मानित खिलाड़ियों को न्याय की लड़ाई सड़कों पर लड़नी पड़ रही है। जम्मू कश्मीर के आखिरी राज्यपाल रहे मलिक ने कहा कि उन्होंने मंगलवार की रात ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया से बात की और धरना स्थल पर आने का वादा किया था। देश के शीर्ष पहलवानों ने भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग करते हुए रविवार को जंतर मंतर पर धरना फिर शुरू किया। बृजभूषण पर उन्होंने महिला पहलवानों को धमकाने और यौन उत्पीड़न के आरोप लगाये हैं। मलिक ने कहा,' जब हमारी बेटियां पदक जीतती हैं और तिरंगा लहराती हैं तो उस समय हम बेशर्मों की तरह उन्हें चाय पर बुलाते हैं और उनके साथ तस्वीरें खींचते हैं लेकिन आज वे सड़कों पर हैं। हमें शर्म से डूब मरना चाहिये।' उन्होंने कहा,'' मैं आप सभी से उनका साथ देने की अपील करता हूं। यहां अधिक से अधिक लोगों को जुटना चाहिये।' व्हीलचेयर का सहारा लेने वाले मलिक ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि महिला पहलवानों को यौन उत्पीड़न के सबूत देने के लिये कहा जा रहा है।



उन्होंने कहा,'' यह अकेले तुम्हारी लड़ाई नहीं है। यह हमारी बेटियों के सम्मान की लड़ाई है। चौधरी चरण सिंह कहते थे कि अगर कोई महिला यौन उत्पीड़न की शिकायत करती है तो उससे सवाल नहीं पूछे जाने चाहिये, सबूत नहीं मांगे जाने चाहिये। हमें उस पर विश्वास करना चाहिये।' विभिन्न किसान संगठन, खाप नेता, राजनेता और महिला संगठन भी पिछले तीन दिन में पहलवानों के समर्थन में धरना स्थल पर पहुंचे हैं। इस बीच पहलवानों ने कोच सुजीत मान के मार्गदर्शन में धरना स्थल पर ही अभ्यास शुरू कर दिया। बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, संगीता फोगाट , साक्षी मलिक और सत्यव्रत काडियान ने सुबह 7 . 30 से 8 . 45 तक अभ्यास किया।

# एशियाई खेलों की तैयारियों के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम चीन के हांगझू में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों के सिलसिले में पांच मैचों की श्रृंखला खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। भारतीय टीम का यह दौरा 18 मई को शुरू होकर 27 मई को समाप्त होगा। भारतीय टीम पहले तीन मैचों में ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय टीम का सामना करेगी जबकि अंतिम दो मैच ऑस्ट्रेलिया ए टीम से खेलेगी। सभी मैच एडिलेड में खेले जाएंगे। भारत अपना पहला मैच 18 मई को ऑस्ट्रेलिया से खेलेगा जबकि इसके बाद अगले दो मैच 20 और 21 मई को खेले जाएंगे। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया ए से 25 और 27 मई को मैच खेलेगी।

ऑस्ट्रेलियाई महिला हॉकी टीम अभी विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है जबकि भारतीय टीम आठवें स्थान पर है। भारतीय टीम का यह दौरा एशियाई खेलों की तैयारी के सिलसिले में आयोजित किया जाएगा जिनका आयोजन इस साल सितंबर अक्टूबर में होना है। भारतीय कोच यानेके शोपमैन ने इस दौरे के बारे में कहा,'' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर खेलने से हमें यह आकलन करने में मदद मिलेगी कि हम दुनिया की चोटी की महिला टीमों के सामने किस स्थिति में हैं।'

उन्होंने कहा,'' सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह श्रृंखला चीन में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों को देखते हुए बेहद महत्वपूर्ण होगी क्योंकि इससे हमें यह पता करने में मदद मिलेगी कि हमें किन विभागों में सुधार और बदलाव करने की जरूरत है। इसलिए यह श्रृंखला हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण होगी।' भारत ने पिछले साल दिसंबर में एफआईएच महिला नेशंस कप में मेजबान स्पेन को हराकर खिताब जीता था और वह इस प्रदर्शन से प्रेरणा लेकर बढ़े मनोबल के साथ ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा। भारतीय टीम अभी बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) परिसर में अभ्यास शिविर में भाग ले रही है।

# स्पेन के फुटबॉल क्लब से हारी भारत की अंडर-17 टीम



**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-17 फुटबॉल टीम को स्पेन दौरे के अपने दूसरे अभ्यास मैच में मैड्रिड के लेगानेस अंडर-18 क्लब से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की अंडर-17 टीम इस साल जून-जुलाई में होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप तैयारियों के सिलसिले में अभी स्पेन के दौरे पर है। भारतीय टीम ने इससे पहले पिछले सप्ताह एटलेटिको डी मैड्रिड अंडर-17 के खिलाफ अभ्यास मैच में 4-1 से जीत हासिल की थी। भारतीय टीम ने लेगानेस के खिलाफ सकारात्मक शुरुआत की और खेल शुरू होते ही आक्रामक रवैया अपनाया। भारत के पास चौथे मिनट में ही गोल करने का मौका था लेकिन तब डैनी मेइती लैशराम के क्रॉस पर लगाया गया शाश्वत पवार का शॉट विरोधी टीम के गोलकीपर ने रोक दिया। मैच आगे बढ़ने के साथ भारतीय खिलाडि़यों ने खेल पर नियंत्रण बनाए रखने की अच्छी कोशिश की लेकिन स्पेन के क्लब में 35वें मिनट में जवाबी हमला करके पहला गोल दाग दिया। उसकी तरफ से यह गोल प्रिसो ने किया। एक गोल से पिछड़ने के बावजूद भारतीय टीम ने हौसला नहीं खोया और आक्रामक खेल जारी रखा। दूसरे हाफ में हालांकि स्पेनिश टीम ने हमलावर तेवर अपनाए जिसका उसे 68वें मिनट में फायदा मिला जब गोंजालो ने उसकी तरफ से दूसरा गोल किया।

# ब्रेट ली-जहीर के दिये टिप्स से अर्जुन ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ की प्रभावी गेंदबाजी

अहमदाबाद । महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर ने पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली और जहीर खान के टिप्स का लाभ उठाते हुए गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपनी गेंदबाजी से सभी को प्रभावित किया। टाइटंस के खिलाफ अर्जुन ने लाइन लेंथ के साथ-साथ अपनी गति का भी ध्यान रखा। अर्जुन ने ओवर की दूसरी ही गेंद साहा को 133.7 किमी प्रति घंटे की, जबकि तीसरी गेंद 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से डाली। इसके बाद उन्होंने रिद्धिमान साहा को ईशान किशन के हाथों कैच आउट कराया। साहा के आउट होने के बाद जब हार्दिक पंड्या को अर्जुन ने 133 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद की। वहीं अगली गेंद भी 130 किमी प्रति घंटे की थी। इस दौरान आक्रामक बल्लेबाजी करने वाले हार्दिक भी संभलकर खेलते नजर आये। इस ओवर में केवल 9 रन गये। वहीं बल्लेबाजी के दौरान उन्होंने एक छक्का भी लगाया। वहीं इससे पहले पंजाब किंग्स के खिलाफ गेंदबाजी के दौरान 31 रन देने के कारण अर्जुन सबके निशाने पर आ गये थे। ऐसे समय में ब्रेट ली ओर जहीर ने अर्जुन का मनोबल बढ़ाया। जहीर का कहना था कि उन्हें अपना एक्शन थोड़ा ठीक करन होगा। इसके साथ ही रनअप को लेकर भी कुछ सुझाव दिए। वहीं दूसरी ओर ब्रेट ली के अनुसार अर्जुन को ऐसी बातों पर ध्यान नहीं देते हुए अपना काम करना चाहिये। कौन क्या कह रहा है इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता है। टी-20 प्रारुप में सभी का दिन होता है। किसी दिन बल्लेबाज हावी रहते हैं और किसी दिन गेंदबाज। ऐसे में पंजाब किंग्स के खिलाफ अर्जुन का वह ओवर भी सामान्य ही था जिसमें 31 रन गये थे। यह किसी के भी साथ भी हो सकता है। अर्जुन को नए मैच का नए तरीके से शुरुआत करनी चाहिए। वह अपनी गति को 140 किलो प्रति घंटे तक ले जा सकते हैं।

# 51 करोड़ लो, सालभर हमारे लिए खेलो, आईपीएल टीमें कर सकती हैं ऐसी पेशकश

## -खिलाड़ियों को 5 टूर्नामेंट के लिए साइन कर सकती

**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग की शुरुआत 2008 में हुई। इसके बाद सभी बड़े देशों ने अपनी-अपनी टी20 लीग शुरू की। आईपीएल आज दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग है। आईपीएल 2023 की बात करें, तब 200 से अधिक देशी-विदेशी खिलाड़ी इसमें शामिल हो रहे हैं। एक टीम खिलाड़ियों की सैलरी पर एक साल में 95 करोड़ रुपये खर्च कर सकती है। इस तरह से सभी 10 टीमें सैलरी के तौर खिलाड़ियों को हर साल 950 करोड़ रुपये देती हैं।

आईपीएल टीमें अब नए मॉडल पर काम रही हैं। वे सिर्फ एक टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों के साथ अनुबंध नहीं करना चाहती, बल्कि वे उन्हें सालभर अपने साथ जोड़े रखना चाहती हैं, क्योंकि उनकी टीमें दुनिया की अन्य लीग में भी उतर रही हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आईपीएल टीमों की ओर से इंग्लैंड के 6 खिलाड़ियों को इस तरह के ऑफर दिए गए हैं। इसके लिए उन्हें हर साल अधिकतम 51 करोड़ रुपये तक मिल सकते हैं। यह इंग्लिश बोर्ड से मिलने वाली राशि से 5 गुना अधिक है।

इस मॉडल पर दुनियाभर में चर्चा भी हो रही है। यह फुटबॉल मॉडल की तरह है, जहां साल भर खिलाड़ी क्लब के लिए खेलते हैं और इंटरनेशनल मुकाबलों के लिए रिलीज कर दिए जाते हैं। बताया जा रहा हैं कि इस साल के अंत तक खिलाड़ियों को इस तरह की पेशकश की जा सकती है। आईपीएल टीमें भारत के अलावा यूएई, साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज और अमेरिका में भी उतर रही हैं।

आईपीएल टीमें खिलाड़ियों को कम से कम 5 टूर्नामेंट के लिए साइन कर सकती हैं। उन्हें साल में लगभग 7 महीने खेलना पड़ सकता है। आईपीएल आने वाले वर्षों में 10 सप्ताह का होने जा रहा है। इसके अलावा सऊदी अरब भी बड़ा टी20 टूर्नामेंट शुरू करने की तैयारी में है। इस पर इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी रिचर्ड गोल्ड ने पिछले हफ्ते कहा था कि हम ग्लोबल टूर्नामेंट के कारण चिंतित हैं। कुछ खिलाड़ियों को लंबा कॉन्ट्रैक्ट मिलेगा ही साथ ही उनकी फीस में भी बड़ी बढ़ोतरी हो सकती है।

अभी नियम के मुताबिक किसी खिलाड़ी को आईपीएल में उतरने के लिए घरेलू बोर्ड से एनओसी हासिल करना होता है। आईपीएल 2023 की बात करें, तब इंग्लैंड के 11 खिलाड़ी इसमें उतर रहे हैं। सैम करेन को पंजाब किंग्स ने रिकॉर्ड 18.5 करोड़ रुपये में खरीदा था। इसके अलावा बेन स्टोक्स को 16.25 करोड़ और हैरी ब्रुक को 13.25 करोड़ रुपये मिले।



# क्लोदिंग बिजनेस में हाथ आजमाएंगे आर्यन



फिल्म मेकिंग के साथ-साथ शाहरुख खान के बेटे आर्यन अब क्लोदिंग बिजनेस में भी हाथ आजमाना चाहते हैं। उन्होंने सोमवार को अपने लग्जरी स्ट्रीट वियर ब्रांड ष्,ब्ब्1श्ध का फर्स्ट लुक शेयर किया। आर्यन के इस क्लोदिंग ब्रांड के टीजर में शाहरुख खान की हल्की सी झलक देखने को मिल रही है। सोशल मीडिया पर आर्यन के क्लोदिंग ब्रांड का यह वीडियो बेहद सुर्खियों में है। चर्चित वीडियो क्लिप में शाहरुख चॉक से ब्लैकबोर्ड पर टाइमलेस शब्द कट करते हैं। तभी एक पेंट ब्रश फर्श पर गिरता है और शाहरुख उसे उठाते हैं, तभी स्क्रीन ब्लैक होती है और ब्रैंड का नाम सामने आते है। वहीं आखिर में शाहरुख के चेहरे की झलक भी देखने को मिलती है। बता दें कि आर्यन खान लेटी ब्लागोएवा और बंटी सिंह के साथ पार्टनरशिप में यह बिजनेस शुरू कर रहे हैं। पिछले साल आर्यन ने इन्हीं दोनों पार्ट्नर्स के साथ मिलकर स्पिरिट मार्केट में कदम रखा था, जब उन्होंने अपनी प्रीमियम वोदका ब्रांड लॉन्च की थी। बिजनेस के अलावा आर्यन जल्द ही अपनी फिल्म की शुरुआत करेंगे। जिसे उनके पेरेंट्स के प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज एंटरटेनमेंट बैनर के तले तैयार किया जाएगा।

# डिजाइनर रोहित वर्मा के लिए शो स्टॉपर बनीं सनी



बॉलीवुड एक्ट्रेस सनी लियोनी अक्सर अपने हॉट एंड ग्लैमरस अवतार से इंटरनेट पर तहलका मचा देती हैं। सनी लियोनी अपने विविध फैशन विकल्पों के लिए पसंद की जाती हैं और हर फैशन आउटिंग में एक पहचान देती हैं। हाल ही में सनी लियोनी बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक में रोहित वर्मा के ग्रैंड फिनाले के लिए शो स्टॉपर बनी। इस इवेंट में सनी लियोनी ने राजस्थानी लहंगा-चोली पहनकर रैंप वॉक किया। इस आउटफिट में सनी बेहद खूबसूरत लग रही थीं। उन्हें ऑर्गेंज़ा और मधुबनी आर्ट मोटिफ से बने 100 कली ऑथेंटिक लहंगे में देखने लायक था। आकर्षण जोड़ने वाली चोली राजस्थान के बुनकरों द्वारा हस्तनिर्मित थी और इसे बनाने में लगभग छह महीने लगे थे। आंखों को भाने वाले सनी लियोनी के खूबसूरत पोशाक की भी एक खूबसूरती से बुनी हुई कहानी है क्योंकि यह भारत की कला और संस्कृति को बढ़ावा देता है। पीले से नारंगी रंग का सुंदर परिवर्तन बहुत खूबसूरत लग रहा था जिसे देख कर लोग पलक झपक नहीं पा रहे थे। वर्क फ्रंट की बात करें तो सनी लियोनी जल्द ही फिल्म केनेडी में दिखाई देंगी, जिसमें निर्देशक अनुराग कश्यप के साथ उनका पहला सहयोग होगा। इस फिल्म में राहुल भट्ट भी हैं और यह एकमात्र भारतीय फिल्म है जिसे प्रतिष्ठित ज्यूरी ने 76वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में मिडनाइट स्क्रीनिंग के लिए चुना है।



# सनक गाने के विवाद पर बादशाह ने मांगी माफी



रैपर बादशाह ने हाल ही में रिलीज हुए गाने सनक के लिरिक्स पर भारी विवाद के बाद लोगों से माफी मांगी है। रविवार देर रात सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए बादशाह ने बताया कि सनक गाने की लिरिक्स में बदलाव किया गए हैं और जल्द ही गाने का पुराना वर्जन सभी प्लेटफॉर्म से हटा दिया जाएगा। दरअसल, सनक गाने में अश्लील शब्दों के साथ भगवान शिव के नाम का इस्तेमाल करने पर इंदौर में एक संगठन ने बादशाह के खिलाफ स्न्ढ्ढक्रदर्ज कराई थी। वहीं उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी ने बादशाह को फटकार लगाते हुए उनसे गाने से भगवान शिव का नाम हटाने की मांग की थी। विवाद तूल पकड़ता देख बादशाह ने सोशल मीडिया पर लंबा नोट शेयर करते हुए सभी से माफी मांगी है और गाने का नया वर्जन आने तक लोगों से सब्र करने को कहा है। उन्होंने बताया कि उनका इरादा कभी भी किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का नहीं था। बादशाह ने अपने नोट में लिखा- 'मेरी जानकारी में आया है कि मेरे रीसेंट रिलीज गाने सनक से कुछ लोगों की भावनाएं आहत हुई है। मैं कभी गलती से भी या जानबूझकर किसी की भावनाओं को आहत नहीं करना चाहूंगा। मैं अपने आर्टिस्टिक कंपोजिशन को बहुत ही पैशन के साथ आप सभी के सामने रखता हूं। हालिया घटने के बाद मैंने सख्त कदम उठाते हुए अपने गाने के कुछ हिस्सों में बदलाव किया और सभी डिजिटल प्लैटफॉर्म पर पुराने गाने को नए गाने से रिप्लेस किया है ताकि इस गाने से कोई और आहत न हो।

# सलमान खान ने किसी का भाई किसी जान को प्यार करने के लिए प्रशंसकों का शुक्रिया अदा किया

सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान 21 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को लोग खूब पसंद कर रहे हैं जिसके चलते इसने बॉक्स ऑफिस पर तीन दिनों में 70 करोड़ के लगभग कारोबार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। सलमान खान अपनी फिल्म किसी का भाई किसी की जान के कलेक्शन से काफी ज्यादा खुश हैं। उन्होंने अपनी फिल्म की अच्छी कमाई होने पर फैंस का शुक्रिया अदा किया है। दरअसल, सलमान खान ने एक सोशल मीडिया पोस्ट शेयर किया है। आइए जानते हैं कि सलमान खान ने अपनी पोस्ट में क्या लिखा है। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से अपनी एक तस्वीर शेयर की है और फिल्म किसी का भाई किसी की जान को प्यार देने के लिए शुक्रिया अदा किया है। सलमान खान की तस्वीर में आप देख सकते है कि वह ब्लैक शर्ट पहनकर कैमरे की तरफ देखते हुए डैशिंग लुक दे रहे हैं। सलमान खान ने अपनी इस तस्वीर के साथ कैप्शन लिखा है, आप सभी के प्यार और सपोर्ट के लिए धन्यवाद। हम इसकी सराहना करते हैं। इसके साथ सलमान खान ने हैशटैग के साथ किसी का भाई किसी जान लिखा है। सलमान खान की इस तस्वीर को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं और जमकर कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा है, सर धन्यवाद की जरूरत नहीं है, ये तो हमारा फर्ज है। एक फैन ने लिखा है, किसी का भाई किसी जान ने हम सबकी जान ले ली भाईजान। एक फैन ने लिखा है, मेरे पसंदीदा भाईजान सलमान खान। एक फैन ने लिखा है, सुपरहिट मूवी भाईजान। फरहाद सामजी के निर्देशन में बनी फिल्म किसी का भाई किसी की जान में सलमान खान के अलावा पूजा हेगड़े, शहनाज गिल, जगपति बाबू, दग्गुबाती वेंकटेश, सिद्धार्थ निगम, शहनाज गिल, पलक तिवारी, राघव जुयाल, जस्सी गिल, विनाल भटनागर, मालविका शर्मा भी हैं। इस बीच, किसी का भाई किसी की जान ने पहले दिन धीमी शुरुआत की, लेकिन दूसरे दिन संख्या दोगुनी होने के कारण इसमें सकारात्मक उछाल देखा गया। दर्शकों को फिल्म में सलमान और पूजा की केमिस्ट्री काफी पसंद आ रही है। यहां तक कि वेंकटेश दग्गुबाती के अभिनय की भी हर कोई तारीफ कर रहा है। इसके बाद सलमान टाइगर 3 में नजर आएंगे।



# आईबी 71 में आईबी अधिकारियों की कहानी को पेश करने के लिए रोमांचित हूं - विद्युत जामवाल

साल की सबसे बहुप्रतीक्षित स्पाई थ्रिलर आईबी 71 का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हो गया है। देश को बचाने के मिशन पर इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) एजेंट के रूप में मुख्य भूमिका निभाने वाले विद्युत जामवाल ने अपने पहले प्रोडक्शन के साथ भारत के टॉप सीक्रेट मिशन का खुलासा किया है। फिल्म में रोमांचक सीक्वेंस से लेकर जबरदस्त सस्पेंस तक सबकुछ है। आईबी 71 की कास्ट भी बेहद धमाकेदार है जिसमें अनुपम खेर और मर्दानी फेम से विशाल जेठवा के साथ प्रमुख भूमिकाओं में विद्युत जामवाल हैं। इस फिल्म के बारे में बात करते हुए विद्युत जामवाल ने कहा, आईबी 71 मोस्ट क्लासीफाइड मिशन की कहानी है जिसने हमें 1971 के भारत पाक युद्ध में फायदा पहुंचाया। मैं अपने आईबी अधिकारियों की इस कहानी को पेश करने के लिए रोमांचित हूं, जो वास्तव में भारत के गुमनाम हीरो हैं। वहीं गाजी अटैक फेम निर्देशक संकल्प रेड्डी कहते हैं, गाजी हमले के बाद, आईबी 71 एक और कहानी है जिसने हमें 1971 के भारत-पाक युद्ध को जीतने में मदद की। जब विद्युत मेरे पास यह कहानी लेकर आए तो कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर पहली बार एक अपरंपरागत भूमिका निभाने का फैसला किया है, मैं उसकी सराहना करता हूं। मुझे खुशी है कि मुझे अनुपम सर, विशाल जेठवा जैसे दमदार कलाकारों के साथ काम करने का मौका मिला। पूरे शहर में आईबी 71 का जोश देखा गया क्योंकि फैन्स ने सीक्रेट ट्रेलर लॉन्च के लिए पूरे देश से आईबी 71 ब्रांडेड कारों में शहर को अपने कब्जे में ले लिया, ये फिल्म की थीम और इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) की दुनिया के लिए एकदम परफेक्ट थी, जहां वे इस क्लासीफाइड ट्रेलर लॉन्च का अनुभव करने के लिए रोमांचित थे। आईबी 71 को गुलशन कुमार, टी-सीरीज़ फिल्म और रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा प्रेजेंट किया गया है। एक्शन हीरो फिल्म्स प्रोडक्शन में विद्युत जामवाल, अनुपम खेर और विशाल जेठवा लीड रोल्स में हैं और इसे भूषण कुमार, एक्शन हीरो फिल्म्स और रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा प्रोड्यूस किया गया है। फिल्म का डायरेक्शन संकल्प रेड्डी ने किया हैं। फिल्म 12 मई 2023 को रिलीज के लिए तैयार है।

# 40 डिग्री तापमान में डिनो मोरिया ने की एजेंट की शूटिंग



अभिनेता डिनो मोरिया, जो अपकमिंग फिल्म एजेंट के जरिए तेलुगू इंडस्ट्री में डेब्यू कर रहे हैं, ने खुलासा किया कि प्रोजेक्ट की शूटिंग चुनौतीपूर्ण थी, क्योंकि रोल की डिमांड के अनुसार उन्हें कपड़ों की चार लेयर पहनकर चिलचिलाती गर्मी में शूटिंग करनी पड़ी। फिल्म की शूटिंग बुडापेस्ट, हैदराबाद और ओमान जैसे अलग-अलग जगहों पर हुई। रेगिस्तान में और ओमान के तटों के पास शूटिंग करते समय तापमान लगभग 40 डिग्री सेल्सियस तक था। डिनो, जो फिल्म में विलेन की भूमिका निभा रहे हैं, ने कहा- ओमान में शूटिंग करना एक बेहद चुनौतीपूर्ण अनुभव था, मौसम बहुत गर्म था और हम जिस एक्शन को फिल्मा रहे थे, उसके लिए मेरा लुक कपड़ों की 4 लेयर के साथ था। मुझे तेज धूप में एक्शन सीन करना था, मैं सचमुच पक रहा था। उन्होंने कहा कि उन्होंने शूटिंग में अपना बेस्ट देने के लिए फोकस किया। एक्टर ने कहा, हमने इसे पूरा किया। अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलना हमेशा रोमांचक होता है, और मैं इसे लेकर रोमांचित हूं। मैं इस तरह के साहसी किरदार के साथ अपना तेलुगू डेब्यू कर रहा हूं। एजेंट, जिसमें अखिल अक्किनेनी और ममूटी भी हैं, 28 अप्रैल को रिलीज होने के लिए तैयार है।

# मोटी होने की वजह से सुनने पड़ते थे ताने



शहनाज गिल ने हाल ही में बिग बॉस के बाद अपनी पर्सनैलिटी और ड्रेसिंग सेंस में आए बदलावों पर बात की। उन्होंने अपनी बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन जर्नी के बारे में बताया। शहनाज के मुताबिक उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि बिग बॉस में अपियरियेंस के बाद लोग उन्हें लेकर नेगेटिव कमेंट्स किया करते थे। मोटे होने की से शर्मिंदगी महसूस होती थी। बातचीत के दौरान शहनाज ने कहा- मैंने खुद को बदला है, खुद पर मेहनत की है। जब लोगों ने मुझे अच्छी सलाह दी तो मैंने उन्हें फॉलो किया और खुद में सुधार लाया। मैंने अपना वजन कम किया, क्योंकि बिग बॉस के दौरान मोटे होने की वजह से मैं बॉडी शेमिंग का शिकार हुई, मैंने लोगों की बहुत सी बातें सुनीं। शहनाज ने आगे कहा- 'मैंने अपनी स्टाइल बदल ली क्योंकि लोगों को लगता था कि मैं केवल सलवार सूट ही पहन सकती हूं।

# द कपिल शर्मा शो पर वापस आ रहे हैं कृष्णा



कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक जल्द ही द कपिल शर्मा शो पर लौटेंगे। मीडिया इंटरव्यू में खुद कृष्णा ने कन्फर्म किया है कि वो द कपिल शर्मा शो के इस सीजन में एक बार फिर दिखाई देंगे। दरअसल, चैनल के साथ कॉन्ट्रैक्ट पर विवाद होने की वजह से उन्होंने शो छोड़ दिया था। इंटरव्यू में कृष्णा ने बताया कि कॉन्ट्रैक्ट में जो प्रॉब्लम थी, वो अब सॉल्व हो गई है। उन्होंने ये भी बताया कि पैसों को लेकर जो अनबन थी उसे भी सुलझा लिया गया है और अब उन्हें कान्ट्रैक्ट से कोई ऐतराज नहीं है। कृष्णा अभिषेक शो में सपना का किरदार निभा रहे थे। इंटरव्यू में उन्होंने ये भी बताया कि पहले दिन शो के रिहर्सल के लिए कपिल शर्मा ने उनको अपने घर बुलाया और वॉर्म वेलकम दिया। वहीं किकु शारदा ने उन्हें देखते ही गले लगा लिया। कृष्णा ने बताया कि उन्होंने अर्चना पूरण सिंह से भी फोन पर बात की। उन्होंने ये भी बताया कि कपिल ने उन्हें शो पर तगड़ा कमबैक करने के लिए जोक्स भी सजेस्ट किए हैं। कृष्णा ने बताया कि शो छोड़ कर जाने का मन कभी नहीं था। लेकिन, पैसों और कॉन्ट्रैक्ट को लेकर कुछ प्रॉब्लम थी। कॉन्ट्रैक्ट में बदलाव होने की वजह से वो शो पर वापस आए हैं। उन्होंने बताया कि उनके लिए ये शो और यहां के लोग बिल्कुल घर जैसे हैं। उन्होंने आगे कहा- सपना की एंट्री होगी बढ़िया तरह से। घर का भूला शाम को घर पर लौट कर आए तो उसे भूला नहीं कहते। ये वही वाला हिसाब है। उन्होंने आगे बताया- मेरा इस शो के मेकर्स और चैनल से बहुत पुराना रिश्ता है। वो रिलेशनशिप इतना प्योर और अच्छा है कि उसी की वजह से मैं वापस आया। मैं ऑडियंस का भी शुक्रगुजार हूं जिन्होंने मुझे बार-बार शो पर वापस बुलाया। मुझे लगता है कि मुझसे जुड़े सभी लोगों का प्यार ही मुझे वो पर वापस खींच लाया। फिलहाल, कपिल शर्मा शो का चौथा सीजन चल रहा है। बीते दिन, शो के होस्ट कपिल शर्मा ने बताया था कि उनकी टीम जुलाई में यूएस टूर पर जा सकती है।